आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 165-● जबलपुर ● शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in




अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की हत्या कर दी गई है। वारदात तालिबान ने अंजाम दी हालांकि इस बारे अभी ज्यादा पता नही चला।

## वडनगर रेलवे स्टेशन पर पीएम मोदी बेचते थे चाय आज खुद करेंगे उसके पुनर्निर्माण का उद्घाटन




**वडनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात के वडनगर रेलवे स्टेशन का काफी पुराना संबंध रहा है। पीएम मोदी के अनुसार यह वही रेलवे स्टेशन है जहां वह बचपन में चाय बेचा करते थे। इस बीच वडनगर रेलवे स्टेशन एक बार फिर से सुर्खियों में हैं, क्योंकि 16 जुलाई को पीएम मोदी इस स्टेशन का डिजिटली उद्घाटन करने वाले हैं। पश्चिम रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार झा ने बताया कि चूंकि वडनगर शहर 'धरोहर सर्किट' में आता है, इसलिए वहां के रेलवे स्टेशन की इमारत को 8.5 करोड़ रुपये की लागत से हेरिटेज लुक दिया गया है।

# फैसले पर विचार करें वरना हम आदेश देंगे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा की अनुमति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से कहा कि या तो वह सांकेतिक कांवड़ यात्रा आयोजित करने पर पुनर्विचार करें या हम आदेश पारित करेंगे। शीर्ष अदालत ने सोमवार तक यूपी सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया है। जस्टिस रोहिंगटन एफ नारिमन की पीठ ने कहा कि महामारी देश के सभी नागरिकों को प्रभावित करती है, शारीरिक यात्रा की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रथम दृष्टया हमारा विचार है कि यह प्रत्येक नागरिक से संबंधित मामला है और धार्मिक सहित अन्य सभी भावनाएं नागरिकों के जीवन के अधिकार के अधीन हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को सोमवार तक अपना विचार रखने का समय दिया है। वहीं सुनवाई के दौरान यूपी सरकार ने कहा कि वह सांकेतिक रूप से कांवड़ यात्रा की अनुमति देने की योजना बनाई है और सीमित संख्या मे भी। यूपी सरकार ने यह भी कहा है कि वह कंटेनर के जरिए श्रद्धालुओं को गंगाजल मुहैया कराने का निर्णय लिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट इससे सहमत नहीं दिखा। बता दें कि इस बीच केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को एक हलफनामा दायर किया है। इस हलफनामा में सरकार ने शीर्ष कोर्ट से कहा है कि कोरोना महामारी के मद्देनजर राज्य सरकारों को हरिद्वार से गंगा जल लाने के लिए कांवड़ियों की आवाजाही की अनुमति नहीं देनी चाहिए। हालांकि, धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकारों को निर्दिष्ट स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से गंगा जल उपलब्ध कराने के लिए प्रणाली विकसित करनी चाहिए। गौरतलब है कि इससे पहले कोरोना संकट को देखते हुए इस बार उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगा दी है। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस पर रोक नहीं लगाई जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले में खुद संज्ञान लिया।

कांवड़ यात्रा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी सरकार को फटकार



## क्रिक अपडेट



### टी सीरीज के मालिक भूषण कुमार पर महिला ने लगाया बलात्कार का आरोप

**मुंबई।** मशहूर गीतकार गुलशन कुमार के बेटे और टी सीरीज कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार के खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज किया गया है। भूषण कुमार पर आरोप है कि उन्होंने टी सीरीज के प्रोजेक्ट में काम दिलाने का लालच देकर एक 30 साल की महिला के साथ बलात्कार किया है। उनके खिलाफ ये रेप केस मुंबई के नगर पुलिस ने दर्ज किया है। अभी तक केस में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### रोपवे से जुड़ेंगे चार धाम, आसान होगा तीर्थ यात्रियों का सफर




**देहरादून।** चारधाम गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ व केदारनाथ मंदिर को रोपवे से जोड़ने की योजना पर काम तेज हो गया है। इसके लिए रेलवे विकास निगम (आरवीएनएल) ने योजना तैयार कर ली है और जल्द ही विशेषज्ञों की टीम प्रारंभिक सर्वेक्षण शुरू कर देगी। चारधाम को रेल लाइन से जोड़ने के लिए आरवीएनएल सर्वेक्षण के साथ भूमि का सीमांकन भी पूरा कर चुका है। योजना के अनुसार गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के टर्मिनल रेल स्टेशन से मंदिर तक रोपवे निर्माण किया जाएगा।

### भोपाल स्टेशन पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**भोपाल।** राजधानी के सबसे प्रमुख भोपाल रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्टेशन पर सिर्फ दो प्रवेश द्वार से यात्रियों को प्रवेश दिया जा रहा है। यहीं से यात्री बाहर निकलते हैं। भोपाल स्टेशन पर छह माह पूर्व तक यात्री कहीं से भी प्रवेश करते थे और बाहर निकलते थे। अब प्लेटफार्म एक पर मुख्य द्वार और प्लेटफार्म छह की तरफ मुख्य भवन में दूसरा प्रवेश है। दोनों द्वार पर सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ा दी है। प्रवेश करने और बाहर निकलने वालों पर नजर रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए प्रवेश द्वार सीमित किए गए हैं।

## तीसरी लहर की चिंता: पीएम नरेन्द्र मोदी की 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक



**नई दिल्ली।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका और दूसरी लहर की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज (शुक्रवार) को पीएम 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश , कर्नाटक, केरल , ओडिशा और महाराष्ट्र हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बैठक हो रही हैं। वर्चुअल बैठक में गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। बैठक बीते दिनों प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर वहां की स्थितियों के बारे में जानकारी ली थी। इन राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। मंगलवार को पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई बैठक में पीएम मोदी ने पहाड़ों और बाजारों में भीड़ बढ़ने और कोरोना नियमों का पालन नहीं करने को लेकर चिंता जाहिर की थी। साथ ही उन्होंने माइक्रो-कंटेनमेंट जोन पर भी जोर देने की बात कही थी। खास बात यह है कि ओडिशा और तमिलनाडु राज्य भी इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं, जो वैक्सीन की कमी की शिकायत करते रहे हैं। ओडिशा में वैक्सीन के अभाव में इस हफ्ते टीकाकरण कार्यक्रम पर रोक दिया गया था। राज्य के स्वास्थ्य सचिव पीके महापात्रा ने कहा था, जुलाई के लिए कोविशील्ड के 25 लाख डोज का आवंटन किया गया था, जबकि हमें इस महीने दूसरे डोज के लिए कम से कम 28 लाख खुराकों की जरूरत थी।

# सोनिया-सिद्धू के बीच 1 घंटे चली मुलाकात पर सस्पेंस बरकरार



देश की राजनीति में गर्माहट

**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस में झगड़ा बढ़ गया है। नवजोत सिंह सिद्धू शुक्रवार को पटियाला से दिल्ली आए और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले। दोनों नेताओं के बीच करीब 1 घंटा चर्चा चली। इस दौरान पंजाब प्रभारी हरीष रावत भी मौजूद रहे। बैठक खत्म करने के बाद जब सिद्धू बाहर निकले तो उन्होंने मीडिया से बात करने से इन्कार कर दिया।

कहा जा रहा है कि सिद्धू की पार्टी आलाकमान के साथ यह फाइनल मीटिंग होगी। यानी आज कोई बड़ा फैसला हो सकता है। उम्मीद है कि नवजोत को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को यह फैसला कितना रास आएगा, इस पर सभी की नजर टिकी हुई है। कहा जा रहा है कि सिद्दू को प्रियंका वाड्रा का साथ मिला है। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली से लेकर चंडीगढ़ तक गहमागहमी रही। गुरुवार को जैसे ही खबर आई किनवजोत सिंह सिद्दू को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जा सकता है, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नाराजगी जताई। इसके बाद देर शाम सिद्दू और कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपने-अपने समर्थक विधायकों की बैठक बुलाई।

### 2017 में हुआ था ऐसा कुछ

पंजाब में 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले इसी तरह की परिस्थितियों में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस आलाकमान को मजबूर कर दिया था और अपने जाने माने विरोधी प्रताप सिंह बाजवा की जगह पीपीसीसी चीफ नियुक्त हो गए थे। ऐसा ही हुआ और कैप्टन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद मिल गया और बाद में राहुल गांधी ने भी चुनाव से ऐन पहले उन्हें सीएम चेहरे के रूप में घोषित कर दिया। अब सिद्धू की रणनीति भी ऐसी ही लग रही है। यानी कहा जाए कि सिद्दू की नजर पंजाब सीएम की कुर्सी पर है तो गलत नहीं होगा।

## एमपी में कमलनाथ पर सियासी चर्चा भी तेज

### हाल-ए-मध्यप्रदेश

कांग्रेस में पार्टी अध्यक्ष को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा जोरों पर है. सूत्रों से मिली खबर के मुताबिक मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे सकती है। इस बीच गुरुवार की दोपहर कमलनाथ ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की. खबरों के मुताबिक इस बैठक में सोनिया गांधी ने कमलनाथ के साथ यूपी चुनाव पर चर्चा की। बैठक में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अध्यक्ष पद संभालने से इनकार करने और सोनिया गांधी की सेहत ठीक न रहने के कारण पार्टी ने अब एक बार फिर कार्यकारी अध्यक्ष चुनने का फैसला किया है। पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसके बाद से पार्टी लगातार अध्यक्ष पद को लेकर मंथन कर रही है। कई बार अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भी बात की जा चुकी है।

## जेल में बंद हाईप्रोफाइल दलालों के भाई हेमंत जैन का अपहरण



**इंदौर।** ड्रग सप्लाई, मानव तस्करी और देह व्यापार जैसे गंभीर मामलों में जेल में बंद हाईप्रोफाइल दलालों सागर जैन उर्फ सैंडो और कपिल जैन का छोट भाई हेमंत रहस्यमय ढंग से लापता है। पत्नी नीतू ने लसूड़िया थाना में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस और स्वजन अपहरण की आशंका के तलाश में जुटे हैं। हेमंत का स्कूटर देवास नाका स्थित शराब दुकान के पास लावारिस हालत में मिला। कुछ लोगों ने बताया उसे तीन युवक सफेद रंग की बोलेरो जीप में अगवा कर ले गए हैं। एसआइ राजेंद्रसिंह दंडोतिया के मुताबिक गुलाब बाग कालोनी निवासी 35 वर्षीय हेमंत प्रापर्टी खरीदी-बिक्री का काम करता है। उसकी पत्नी नीतू ने पुलिस को बताया बुधवार शाम करीब 7 बजे वह बेटी के लिए दुध लेने निकले थे। कई घंटे बाद भी नहीं लौटे तो नीतू ने उन्हें फोन लगाया, जो बंद मिला। शक गहराने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो हेमंत स्कूटर से जाते दिखे, जबकि कालोनी में ही दुध की तीन दुकानें हैं। इससे शक हुआ और नीतू देवास नाका तक तलाशने गई। तब शराब दुकान के बाहर पूछताछ करने पर एक महिला ने बताया हेमंत को उसने देखा है। वहां लाल रंग का स्कूटर खड़ा था और वह भाग रहा था। सफेद रंग की बोलेरो जीप से आए युवक उसका पीछा कर रहे थे। उन्होंने ही हेमंत को पकड़ा और जीप में बैठाकर ले गए।



### आर्थिक तंगी से परेशान सीनियर एक्ट्रेस बोलीं- मेरा गला घोंट दो

**मुंबई।** कोरोना के चलते लगाए गए लॉकडाउन ने कई लोगों से उनका काम छीन लिया है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्रीभी प्रभावित है। शगुफ्ता अली, बाबा खान के बाद कई फिल्मों में काम कर चुकीं सीनियर एक्ट्रेस सविता बजाज ने मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि उनकी सारी जमा पूंजी खत्म हो गई है एंबुलेंस के स्ट्रेचर पर लेटीं अभिनेत्री ने कहा था कि मेरा गला घोंटकर मुझे मार दो। मुझे ऐसी जिंदगी नहीं जीनी है।


आज भी जारी रेस्क्यू

## मां बीमार थी इसलिए पिता के साथ कुएं पर पानी भरने गया था रवि



**विदिशा।** गंजबासौदा के ग्राम लाल पठार में हुए हादसे में अब तक 4 लोगों के शव कुएं से निकाले जा चुके हैं। इस कुएं में सबसे पहले गिरे 14 वर्षीय रवि अहिरवार की मां जया बाई का रो रोकर बुरा हाल है। जया बाई ने बताया कि वे हमेशा कुए पर ही पानी भरने जाती थी। कभी-कभी रवि भी उनके साथ चला जाया करता था। उनकी तबीयत खराब थी इसलिए गुरुवार को रवि अपने पिता की मदद करने उनके साथ पानी भरने चला गया। कक्षा 7वी में पढ़ने वाले रवि अहिरवार के पिता ओमकार अहिरवार ने बताया कि वह गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे कुएं पर पानी भरने गए थे। उनके साथ रवि भी था, वह रस्सी के सहारे बाल्टी से पानी खींच रहा था। वे भरे हुए बर्तनों को घर खाली करने गए तभी कुछ लोग दौड़ते हुए आए और उन्होंने बताया कि रवि कुएं में गिर गया। इसके बाद सभी कुएं की तरफ दौड़े। तब तक वहां मौजूद गांव के कुछ युवक उसे बचाने कुएं में कूद चुके थे, अचानक कुएं की छत नीचे गिर गई। कुछ लोग रस्सी और सीढ़ी के सहारे बाहर आ गए। 4 शव बाहर निकाले जा चुके हैं, अन्य लोगों को बाहर निकालने प्रशासन गुरुवार देर शाम से ही जुटा हुआ है। एनडीआरएफ के करीब 50 लोग बचाव राहत कार्य में जुटे हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ले हादसे पर दुख जताया है।

## आज एसबीआई की नेट सेवाएं बाधित




**नई दिल्ली।** आपका खाता देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक में है, तो ये खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज रात 150 मिनट के लिए बैंक की कई सेवाएं बाधित रहेंगी। ऐसे में आपके काम अटक सकते हैं। इसलिए ग्राहक अपने सभी जरूरी काम जल्द निपटा लें। इस संदर्भ में बैंक ने अपने ग्राहकों को अलर्ट भी जारी किया है। एसबीआई ग्राहक दो घंटों के लिए इंटरनेट बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), योनो और योनो लाइट की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे। ऐसा मेंटेनेंस के काम के कारण किया जा रहा है। एसबीआई ने ट्वीट में बताया कि बैंक 16 जुलाई 2021 को रात 10.45 बजे से देर रात एक बजकर 15 मिनट (17 जुलाई 2021) तक मेंटेनेंस का काम करेगा। 150 मिनट के लिए इन सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे।

## बीमा अस्पताल का बाबू ले रहा था 25 हजार की रिश्वत



ये कैसा आपदा में अवसर

**मंदसौर।** मंदसौर में बीमा हॉस्पिटल का बाबू (सहायक गेट 3) सत्यनारायण सोनी को 25 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा द्य बाबू सत्यनारायण सोनी इसी अस्पताल की स्टाफ नर्स निर्मला सोनी से एरियर का भुगतान करने के नाम पर 25 हजार की रिश्वत मांगी गई थीद्य इस मामले में 13 जुलाई को स्टॉक नर्स निकला सोनी ने लोकायुक्त को शिकायत की थी द्य इस शिकायत को सही पाए जाने के बाद आज 16 जूलाई की सुबह 10.40 बजे लोकायुक्त ने आरोपी बाबू को चौधरी कॉलोनी के समीप स्थित बीमा अस्पताल में रंगे हाथ पकड़ा। लोकयुक्त निरीक्षक बसन्त श्रीवास्तव ने बताया कि बीमा अस्पताल की स्टाफ नर्स निर्मला सोनी को 8 जुलाई को दो लाख 6 हजार का एरियर मिला था इस राशि का भुगतान करने के लिए सहायक ग्रेट 3 सत्यनारायण सोनी द्वारा 25 हजार की रिश्वत मांगी गई थी द्य शिकायत प्राप्त होने के बाद आज कार्यवाही की गई वहीं रिश्वत लेते पकड़ाए बाबू सत्यनारायण सोनी का कहना है कि उन्होंने नर्स निर्मला सोनी को कुछ समय पहले 25 हजार रूपए उधार दिए थे वहीं राशि आज ली ।

## कश्मीर में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद



**श्रीनगर।** कश्मीर के अवंतीपोरा में शुक्रवार को सुरक्षाबलों को आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। भारी मात्रा में जमीन के अंदर छिपाकर रखा गया गोला-बारूद बरामद हुआ है। जिसे बरामद कर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस ऑपरेशन को अवंतीपोरा पुलिस, सेना की 42-आरआर और सीआरपीएफ की बटालियन-180 ने अंजाम दिया।इ दबता दें कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नौदल में ज़ियारत इलाके में आतंकी ठिकाना है। इसी के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान एक भूमिगत ठिकाना मिला। जिसमें सात मोर्टार( 51एमएम), पीका राइफल के 260 कारतूस, दो ग्रेनेड और दो स्प्रे( मिर्च के बने हुए) बरामद हुए हैं।






## नहीं दे सकता मां का प्यार, कोई ले लो मेरे बच्चों को

**बरेली ।** मां तो नौ महीने की बेटी और तीन साल के बेटे को उनके हाल पर छोड़कर चुपचाप चलती बनी, पिता की समझ में नहीं आ रहा है कि वह उनका पालन-पोषण करे या काम पर जाए। काफी दिनों तक उलझन में फंसे रहने के बाद गुरुवार को बरेली में दरगाह आला हजरत पहुंचे इस शख्स ने यह कहते हुए मदद की गुजारिश की कि वह न अपने बच्चों को मां का प्यार दे पा रहा है न उनकी देखभाल कर पा रहा है। उसके बच्चे किसी को दिला दिए जाएं। दरगाह पर गुरुवार को जमात रजा मुस्तफा की ओर से जनता दरबार लगता है। फतेहगंज पश्चिमी के माधौपुर माफी गांव का अब्दुल्ला जनता दरबार में पहुंचा। उसने बताया कि वह फल का ठेला लगाता है। उसकी बीवी मुरदाना करीब महीने भर पहले चुपचाप दोनों बच्चों को छोड़कर चली गई। इसके बाद वह चाहकर भी उनके लिए मां की कमी पूरी नहीं कर पा रहा है। उन्होंने पुलिस से अपनी पत्नी को तलाश करने की फरियाद की लेकिन पुलिस ने उनकी कोई मदद नहीं की। अब्दुल्ला ने कहा कि उसके बच्चों को किसी ऐसी संस्था या व्यक्ति को दिला दिया जाए जो उनकी देखभाल कर सके ।दरगाह में फरियादें सुन रहे जमात के महासचिव फरमान हसन खान फरमान मियां के कहने पर पीआरओ मोइन खान ने एसपी देहात और थाना फतेहगंज पश्चिमी के इंस्पेक्टर को फोन किया लेकिन बात नहीं हो पाई। मोइन खान ने बताया कि इस पर विचार किया जा रहा है कि इस मामले में क्या मदद की जा सकती है।




बेबस पिता की गुहार, मां छोड़कर चली गई

## वैन पर पलटा बेकाबू ट्रक, पांच लोगों की मौके पर ही मौत, तीन गंभीर



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इटौंजा में शुक्रवार सुबह एक बेकाबू ट्रक वैन पर पलट गया। हादसे में वैन सवार पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक इटौंजा के मुताबिक, शुक्रवार सुबह कुम्हरावां के पास बेकाबू ट्रक वैन पर पलट गया। हादसे में एक मासूम सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला। उनको इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी घायल व मृतक उन्नाव के रहने वाले हैं।



# आषाढ़ के महीने में जेठ सी गर्मी

**जबलपुर,यशभारत ।बादलों की अठखेलियां अब भी जारी है। आसमान पर छाए बादल बरसने को भी बेताब नजर आ रहे। लेकिन हवाएं उन्हें उड़ा ले जा रही है। आज सुबह भी बादल छाए तजो ऐसा लगा कि चली अब मानसून के बादल बरोंगे पर कुछ देर बाद हवा उन्हें उड़ा ले गई और तेज धूप निकल आई जिससे उमस भरी कर्गी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया।**

आषाढ़ के महीने में जेठ सी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। पिछले एक सप्ताह से बारिश न होने और तेज धूप के कारण वातावरण में आई उमस से लोग हलकान हो रहे हैं। शुक्रवार को भी यही नजारा रहा। सुबह से कई बार बादल छाए। कुछ देर के लिए ऐसा प्रतीत हुआ कि कि बस अब बारिश होने ही वाली है लेकिन कुछ क्षण बाद ही बादल हवा हो गए और तेज धूप निकल गई। इस बार एक जैसी बारिश नहीं होने के पीछे विंड पैटर्न का सपोर्ट नहीं करना। लो प्रेशर एरिया ठीक से नहीं बन पाना। जो बने, उनका जल्दी से वीक होना, या फिर उनका मूवमेंट ठीक नहीं रहना। आदि कारण शामिल हैं। कुछ समय पहले एक कम दबाव का क्षेत्र बना, लेकिन हवा की दिशा नहीं नहीं रही और वह बिहार की ओर बढ़गया। इसके बाद झारखंड में भी एक सिस्टम डेवलप हुआ, लेकिन इसका मूवमेंट इतना तेज था कि यह एक ही दिन में मप्र को क्रॉस करता हुआ गुजरात पहुंच गया। यही वजह रही कि सिस्टम एक्टिव होने के बाद भी उम्मीद के अनुसार बारिश नहीं हुई ।मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिमी हवाएं आठ किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। बादलों की अठखेलियां अब भी जारी है। हालांकि मौसम विभाग की माने तो जबलपुर सहित कुछ स्थानों में हल्की बूंदाबादी हो सकती है। जबकि 17 जुलाई के बाद राहत भरी बारिश होने की संभावना है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के मिजाज गड़बड़ा गए हैं। पिछले वर्ष भी जुलाई माह में बारिश का आंकड़ा कम रहा। पिछले वर्ष जुलाई में जहां 200 मिली बारिश रिकार्ड की गई थी वहीं इस वर्ष भी अभी तक 203.1 मिली बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के माने तो जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के समीकरण बिगड़ रहे हैं। लेकिन विभाग ने ये उम्मीद जताई है कि अभी अगस्त, सिंतबर, अक्टूबर माह शेष है। अच्छी बारिश हो सकती है ।बारिश न होने और वातावरण में छाई उमस भरी गर्मी के कारण तापमान भी स्थिर हो गया है। पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री और न्यूनतम 23 से 26 के बीच में दर्ज किया जा रहा है।

### 20 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में बन रहा मजबूत सिस्टम

मौसम एक्सपर्ट दुबे ने बताया कि अभी तो कोई स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव नहीं है। जो थे, वे भी अब कमजोर हो चुके हैं। 20 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है। उससे बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विभाग ने जबलपुर, संभाग के ज्यादातर जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा जबलपुर, शहडोल, सागर, संभाग में कुछ जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना जताई गई है।

# सावन के पहले ही सोमवार को शुभ योग



**जबलपुर।** 25 जुलाई से सावन सोमवार प्रारंभ होने जा रहा है जो 22 अगस्त तक रहेगा। सावन के पहले ही सोमवार यानी 26 जुलाई को शुभ योग बन रहे हैं जो शिव भक्तों के लिए बहुत ही खास साबित हो सकते हैं। वैसे भी भक्तों के लिए ये माह बहुत ही खास होता है। इस माह भोलेनाथ की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। वैसे तो सोमवार का दिन विशेषतौर पर भगवान शिव को ही समर्पित होता है लेकिन सावन माह में पड़ने वाला सोमवार बहुत ही खास माना जाता है । सावन के पहले सोमवार यानी 26 जुलाई 2021 को सौभाग्य योग बन रहा है। यह योग रात 10 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। इसके बाद शोभन योग लग जाएगा। सौभाग्य योग जैसा की नाम से ही प्रतीत होता है कि यह योग बहुत ही सौभाग्यशाली होता है, यह सदा मंगल करने वाला होता है। इतना ही नहीं यह अपने नाम के अनुसार भाग्य को बढ़ाने वाला होता है। ऐसा माना जाता है कि इस योग में की गई शादी से वैवाहिक जीवन सुखमन रहता है। लेकिन आप शादी अपनी कुंडली या फिर राशि के अनुसार ही शुभ लग्न में करें अगर ये शुभ लग्न इस दौरान पड़ रहा है तो यह आपके लिए बहुत फलदायक साबित होगा। सौभाग्य योग में व्यापार व्यवसाय की सफलता सुनिश्चित होती है।

### शोभन योग का महत्व

यह तो आप जान ही चुके हैं कि 26 जुलाई को दो योग बन रहे हैं सौभाग्य और शोभन। जिसमें शोभन योग रात्रि में 10 बजकर 41 मिनट से प्रारंभ हो रहा है। इस खास योग में समस्त धार्मिक कार्य सफल होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस योग में किए गए कार्य सफल और यात्रा फलदायी साबित होती है।

### सावन के 4 सोमवार

सबसे पहले हम सावन मास की बात करते हैं। क्योंकि ये माह अन्य माह की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही खास माना जाता है। इस खास माह में अगर आप सभी सोमवार भगवान भोलेनाथ की भक्ति करते हैं तो महादेव आपसे प्रसन्न हो सकते हैं और आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। अपनी मनोकाना पूरी करने के लिए एवं भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कुछ लोग तो सावनभर भी व्रत रखते हैं। इसके अलावा सावन के महीने में ही हरीयाली तीज, नाग पंचमी और रक्षाबंधन जैसे बड़े त्योहारों का आगमन होता है। इस बार सावन के महीने में कुल 4 सोमवार पड़ रहे हैं। जो इस प्रकार है-

26 जुलाई 2021 - पहला सोमवार
2 अगस्त 2021 - दूसरा सोमवार
9 अगस्त 2021 - तीसरा सोमवार
16 अगस्त 2021 - चतुर्थ सोमवार

## सावन मास में आने वाले अन्य त्योहार

- 25 जुलाई - श्रावण मास शुरू
- 26 जुलाई- जयापार्वती व्रत समाप्त, प्रथम श्रावण सोमवार
- 27 जुलाई - संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत, मंगला गौरी व्रत
- 31 जुलाई - कालाष्टमी
- 3 अगस्त - दूसरा मंगला गौरी व्रत
- 4 अगस्त- कामिका एकादशी का व्रत
- 5 अगस्त-कृष्ण प्रदोष व्रत
- 6 अगस्त - श्रावण मास की शिवरात्रि
- 10 अगस्त - तीसरा मंगला गौरी व्रत
- 11 अगस्त -हरियाली तीज व्रत. हरियाली तीज से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाएगा
- 13 अगस्त -नागपंचमी
- 17 अगस्त- चौथा मंगला गौरी व्रत
- 18 अगस्त-श्रावण पुत्रदा एकादशी व्रत
- 20 अगस्त - शुक्ल प्रदोष व्रत
- 21 अगस्त -ओणम या थिरुवोणम
- 22 अगस्त - श्रावण मास पूर्णिमा तिथि/ रक्षा बंधन

## मध्यप्रदेश में भी हाई अलर्ट

# स्पोफर डॉग की मदद से चलाया जा रहा सघन जांच अभियान



**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश में पकड़े गए आतंकियों के बाद मध्यप्रदेश में भी हाई अलर्ट किया गया है। इसी के मद्देनजर बम निरोधक दस्ते ने कल खोती कुत्तों कर मदद से सघन चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम एवं पतासाजी हेतु बी.डी.डी.एस. टीम को प्रतिदिन भीड़भाड वाले स्थान, बाजार , धार्मिक स्थल, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, महत्वपूर्ण संस्थान, की चैकिंग हेतु आदेशित किया गया है। इसी के तहत अति. पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी के मार्ग निर्देशन में बी.डी.डी.एस. प्रभारी पंकज सिंह के नेतृत्व मे. टीम द्वारा स्नेफर डॉग के साथ माननीय उच्च न्यायालय परिसर, रेल्वे स्टेशन, मॉल, सिविक सैंटर, गोरखपुर मार्केट, सदर मार्केट, गढा मार्केट, उमाघाट, बस स्टैण्ड में चैकिंग की गयी है। यह चैकिंग की कार्यवाही लगातार प्रतिदिन जारी रहेगी। चैकिंग कराये जाने का मुख्य उद्देश्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/स्थानों पर पड़ी हुई विस्फोटक सामाग्री एवं अन्य संदिग्ध वस्तु जो छुपकार रखी गयी है, जो जनमानस के लिये घातक हो सकती है, का पता लगाना है। पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा द्वारा संस्कारधानी वासियों से अपील की गयी है कि यदि कोई भी संदिग्ध वस्तु आपको नजर आती है तो उससे दूर रहें एवं इसकी सूचना तत्काल कन्ट्रोलरूम के दूरभाष क्रमांक 0761-2676100, 2676102 एवं डायल 100 पर दें ताकि तत्काल बी.डी.डी.एस. टीम से चैकिंग की कार्यवाही करायी जा सके।



# 101 पौधारोपण के चौथे दिन सिंधी समाज द्वारा रोपे गए पौधे

जबलपुर। सुखदु :ख परिवार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में 101 पौधे रोपे जाने के क्रम में जबलपुर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसमे आज सिंधी समाज के सम्माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में 5 पौधे रोपे गए। साथ ही समाज के लोगों द्वारा अस्पताल में विजिट कर सामाजिक स्तर पर यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया ।इस अवसर पर करतार सिंह बठीजा, ( अध्यक्ष)इंदु मतानी, रमेश पुरुशवानी, विजय कुंगनानी, उमेश पारवानी, सिद्धार्थ बठेजा किशन दास मतानी, विशाल मतानी, प्रकाश सदानी, जयराज बठीजा, किशन लालवानी, नयन परोहा, हारून, अशोक मतानी,नीलकंठ चाँदवानी, दीपक बहनानी, रामकुमार लालवानी, मयंक मतानी के साथ साथ सुखदु :ख परिवार के पवन तिवारी, इंद्रेश दुबे, भोलेशंकर सोनी, मनीष विश्वकर्मा, दीपक दुबे, संतोष बमबम, गोलू मतानी उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कल से



जबलपुर। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढाताल जबलपुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत का आयोजन कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए कथा का लाइव टेलीकास्ट सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा कथा का वर्णन ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज जी के श्री मुख से किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 3 :00 बजे से शाम 6 :00 बजे तक रखा गया है जो कि 17 जुलाई से 24 जुलाई तक चलेगी। श्रीमद् भागवत कथा का पारायण आचार्य नर्मदा प्रसाद शर्मा द्वारा किया जाएगा।

## दिग्विजय पर पुलिस बर्बरता के विरोध में ज्ञापन

**जबलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह पर पुलिस द्वारा बर्बरता के विरोध में कांग्रेसजन द्वारा कानून मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नाम से एस.पी. जबलपुर को ज्ञापन दिया जायेगा । सुश्री कौशल्या गोटिया पूर्व मंत्री, व सभी कांग्रेस जन गांधी स्मारक टाउन हॉल से एसपी कार्यालय पैदल मार्च कर दोपहर में ज्ञापन सौंपेंगे।



# संकल्प दिवस पर तरु रोपण यज्ञ , वृक्षा रोपण

**जबलपुर।** श्री निकेतन 118/2 लमहेटा घाट रोड, चौकी ताल, जबलपुर में। अखिल विश्व गायत्री परिवार, आरोग्य भारती महा कौशल प्रांत, विचार चेतना मंच, रोटरी क्लब ईस्ट, पेंसनर्स एसोसिएशन, गौ रक्षण एवं संवर्धन परिषद और श्री शंकरा एजुकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में , वरिष्ठ समाज सेवी स्वर्गीय डॉ गणेश प्रसाद श्रीवास्तव के स्मृति दिवस एवं गायत्री परिवार के आंदोलन प्रभारी ,आरोग्य भारती के प्रांत मीडिया प्रमुख रोटेरियन देवेंद्र श्रीवास्तव, देवेश एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ साधक सीता राम त्रिपाठी जी के जन्म दिवस साथ ही शंकरा एजूकेशन् सोसाइटी के नए प्रकल्प के प्रारंभ के संकल्प दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार के द्वारा तरु रोपण यज्ञ कर, वृक्षा रोपण* किया गया ।कार्य क्रम संयोजक डॉ आशीष श्रीवास्तव नें बताया कि इस अवसर पर गायत्री परिवार के उपजोंन प्रभारी डॉ एम पी गुप्ता, नरेश तिवारी, सीता राम त्रिपाठी, बी बी शर्मा, कमल राय, प्रकाश मुरझानी, रमेश पटेल, पेंसनर्स समाज के शेष मनी पांडेय, रोटरी क्लब के अवतार सिंग जी, एस के श्रीवास्तव, कमलेश राठौर, आरोग्य भारती से प्रांत महिला प्रमुख अनीता मिश्रा, प्रेम नारायण बाथरे, भगवत रजक जी , भानु श्रीवास्तव जी, होम गार्ड के कामांडेंड् के के डबराल एवं अन्य संस्थों के अनेक प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर देवेंद्र श्रीवास्तव जी को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभ कामनायें दीं साथ ही सभी ने वृक्षा रोपण किया ।

# जबलपुर से डीआरटी लखनऊ अटैच

## होटल व्यवसाय को लगा झटका

जबलपुर.। जबलपुर से ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) के लखनऊ अटैच किए जाने से कहीं न कही होटल व्यवसाय को झटका लगा है, इससे होटल कारोबार के राजस्व को काफी हानि होगी, खासबात तो यह है कि केन्द्र सरकार द्वारा डीआरटी को लखनऊ में शिफ्ट कर दिया गया। बताया जाता है कि डीआरटी द्वारा बैंकों व वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले ऋणों की लेनदारी व देनदारी संबंधी विवादों के निर्णय करते है, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सभी प्रकरणों के विवादों का निपटारा किया जाता है, दोनों प्रदेशों के व्यापारी से लेकर उद्योगपतियों का आना जाना लगा रहता है, ऐसे में दोनों प्रदेशों के अपने विवादों के निपटारे के लिए दूसरे प्रदेशों की शरण में जाना होगा, जिससे कहीं न कहीं उन्हे दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, जिससे आर्थिक नुकसान तो होगा ही साथ ही उन्हे आवागमन में भी दिक्कतें होगी, क्योंकि एमपी व छग के लोगों को अभी जबलपुर आना आसान होता है लेकिन डीआरटी का आफिस लखनऊ शिफ्ट होने से अन्य परेशानियां भी होना संभावित है, खासबात तो यह है डीआरटी के जाने से होटल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, कारोबारी यहां पर अपने प्रकरणों के निपटारे के लिए आते है और रुकते है तो एक तरह से राजस्व भी आता है लेकिन ऐसे में होटल कारोबार को भी काफी नुकसान होगा, डेढ़वर्षो के दौरान होटल कारोबार पूरी तरह से चरमरा गया है, क्योंकि होटलें लॉकडाउन के चलते बंद कर दी गई थी, इसके बाद डीआरटी के आफिस के चले जाने से भी कहीं न कहीं होटल कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।





## ओएफके में वेक्सीन का विशेष अभियान

# बोर्ड के निर्देश पर शत प्रतिशत टीकाकरण शुरू

जबलपुर यश भारत ।सभी सुरक्षा फैक्ट्रियों मे बोर्ड ने शत प्रतिशत कर्मचारियों के वेक्सीनेशन का निर्देश दिया था ।लेकिन काफी समय से खमरिया निर्माणी के कर्मचारी वैक्सीन लगवाने के लिए को जगह-जगह भटक रहे थे। कहीं स्लॉट की कमी या कहीं वैक्सीन की कमी के चलते उनका वैक्सीनेशन होने में विलंब हो रहा था। चूंकि सरकार द्वारा जारी आदेश के तहत समस्त सरकारी कर्मचारियों को 31 जुलाई तक वैक्सीनेशन का आदेश दिया गया था इसी तारतम्य में ओ एफ के कार्य समिति की ओर से 9जुलाई को महाप्रबंधक को इस मामले में पत्र लिखा गया था। कार्य समिति सदस्य अखिलेश पटेल ने जानकारी दी कि ध्यानाकर्षण के बाद कर्मचारियों की सुविधा हेतु निर्माणी अस्पताल में कर्मचारियों के टीकाकरण की व्यवस्था निर्माणी महाप्रबंधक रवि कां के निर्देश पर जूनियर क्लब मे कार्य समिति सदस्यों एवं अस्पताल स्टाफ द्वारा की गई है ।जिससे कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी ना हो। कार्यसमिति के अखिलेश पटेल, गौतम शर्मा , अनिल गुप्ता, जीजो जेकब,संजीव सिंह,संगम कुमार,राकेश जायसवाल, राहुल चौबे,रोहित सेठ ने निर्माणी के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि सभी कर्मचारी इस व्यवस्था का लाभ उठाते हुए कोरोना से सुरक्षित रहने का चक्र स्थापित करें।

## इंजीनियरिंग , पालीटेक्निक, एमबीए एवं आईटीआई के 300 छात्रों ने लिया भाग

# तक्षशिला इंजीनियरिंग कालेज में जॉब फेयर 2021



जबलपुर। संस्कारधानी की अग्रणी संस्था तक्षशिला इंजीनियरिंग कालेज के इंजीनियरिंग, पालीटेक्निक , एमबीए एवं आईटीआई के छात्रों हेतु जॉब फेयर 2021 छात्रों के लिए कैम्पस का आयोजन किया गया। कंपनी में देश के अलग अलग सेक्टर की 15 कंपनियों द्वारा अलग अलग पद के लिए भर्ती प्रक्रिया का आयोजन संस्था में किया गया। जिसमें देश की नामी कंपनी बजाज मोटर्स एचआर पंकज शर्मा, एक्सिस बैंक के समीर खन्ना, होमोसफेयर के साहिल बेजवान, अमेक्स इंडिया के अनुपम कुमार, माइक्रो टर्नर्स के शिव प्रताप सिंह चौहान, नन्दा ग्लास के राहुल देवकिया, ब्रिज ग्रुप सोलूशन्स के निखिल मिश्रा, पिकटेल के अंकित शर्मा, शाइनिंग स्टार के पुनीत सवरवाल, फ्यूजन ग्रुप से मिस किरण, बोधान ग्रुप से अरुण सर, एडाब कंपनी, राउण्ड पे टेलीफोनिक से देव चिनमय, एके ग्लोबल मैनेजमेंट से शिव प्रताप एवं एम्पलायमेंट एक्सप्रेस वरबंड से धीरज शर्मा एवं मिस हिमांगी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं का सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन कराया तत्पश्चात इंटरव्यू लिया गया। यह जॉब फेयर कैम्पस संस्था के अंतिम सेमेस्टर एवं पासआउट छात्र तथा अन्य बाहर की संस्था से पधारे लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर कंपनी के एचआर ने बताया कि कैम्पस सिलेक्शन के पश्चात सभी छात्रों को कंपनी में टेक्नीकल ट्रेनी के रूप में पदस्थापना की जायेगी। ट्रेनी एवं ग्रेजुएट इंजीनियर को कंपनी की ओर से वार्षिक पैकेज 2,60,000/- से 6,00,000/- तक रहेगा ।इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन एससी मसुरहा ने कहा कि इस कैम्पस से सभी विभागों के छात्र लाभान्वित होकर अपना भविष्य सुनिश्चित करेंगे, तक्षशिला ग्रुप का हमेशा प्रयास रहा है कि प्रतिभावान छात्रों को कैम्पस के माध्यम से उन्हें उनकी मंजिल तक पहुंचाएं। महामारी कोविड - 19 के इस दौर में रोजगार देने के लिए संस्था तत्पर है। कैम्पस के दौरान संस्था के चेयरमेन एससी मसुरहा, सचिव पीके तिवारी, ट्रेजरार रतन खद्र, एक्जी. मेम्बर व्हीके गुप्ता, शरद गुप्ता, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आईके खन्ना, संस्था के प्राचार्य डॉ. बीके साहू, प्रो. आशीष चौकसे, प्रो. धीरज दवे, प्रो. शोभित वर्मा, प्रो. नितिन गौर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कैम्पस को सफल बनाने में आईटीआई डायरेक्टर प्रो. विशाल सक्सेना, डायरेक्टर एकेडेमिक डॉ. अर्पित शुक्ला एवं संस्था की टीपीओ ,प्रो. गरिमा अरोरा भट्टी का विशेष योगदान रहा।

# मजदूर यूनियन ने घोषित किए उम्मीदवार

## जीआईएफ मे वर्क्स कमेटी की हलचल बढ़ी

**जबलपुर यश भारत।** जी आई एफ मे चुनाव का डंका बजते ही यूनियनों मे हलचल शुरू हो गई है ।आगामी31जुलाई को होने वाले वर्क्स कमेटी चुनावी रेस में आज दोपहर बाद अपने सभी 9 उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए रेस में आगे रहने की कवायद तेज कर दी है ।घोषित9 उम्मीदवारों मे पांच पुन: मैदान में है जबकि4 अन्य नये उम्मीदवारों मे दो उम्मीदवार केंटीन और जेसीएम से पदोन्नत कर मैदान में उतारे हैं ।दूसरी ओर अन्य यूनियनों मे अभी उम्मीदवारों के चयन पर मंथन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के बाद दोपहर बाद मजदूर यूनियन की ओर से वर्तमान वर्क्स कमेटी सचिव राकेश दुबे के साथ मनोज साहू दमन मुरमू राजेंद्र कुर्मी रिफैत रिजवी सत्रों से वर्क्स कमेटी में है ।नये उम्मीदवारों मे जे सी एम-4के भूपेन्द्र विश्वकर्मा और केंटीन मेम्बर रहे जितेंद्र नायक के साथ दो नये उम्मीदवार अरुणोदय उरमलिया और रावेंद्र कुशवाहा मैदान में है ।केंटीन कमेटी चुनाव में अश्विनी कुमार पुराने और राहुल र?के नये उम्मीदवार तय किये गए हैं ।सभी उम्मीदवार कल शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

ज्ञात हो कि पिछले तीन सत्रों से वर्क्स कमेटी में मजदूर यूनियन का बहुमत रहा है ।जिसमें मजदूर यूनियन के सात सदस्य थे ।दो सदस्य चार्ली और संजय रजक जनता यूनियन से रहे ।जिसमें अब चार्ली नहीं रहे उनका कोरोना से निधन हो गया है ।बहरहाल जी आई एफ मे शनिवार से नामांकन के साथ चुनावी हलचल तेज हो जाएगी।

*अन्य सुरक्षा संस्थानों में भी हलचल शुरू*

गतवर्ष कोरोना के चलते जी सी एफ मे वर्क्स कमेटी चुनाव टाल दिये गए थे ।आर्मी बेस वर्कशॉप मे भी संभवत: अगस्त और इसके बाद अक्टूबर में व्हीकल फैक्ट्री के बाद नवम्बर मे खमरिया फैक्ट्री में होने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव के लिए अभी से वहां भी रणनीति बनने लगी है।

# आदेश जारी होने तक बंद रहेंगे स्कूल एवं कॉलेज

## छूटों एवं प्रतिबंधों को लेकर संशोधित आदेश जारी

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने राज्य शासन के गृह विभाग के दिशा.निर्देशों के अनुरूप कोरोना कर्फ्यू में दी गई छूटों और प्रतिबंधों से संबंधित दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत गुरूवार को संशोधित आदेश जारी किया है। यह आदेश 31 जुलाई की अर्धरात्रि तक प्रभावशील रहेगा। इसके तहत जिले के नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 11 बजे से प्रात:6 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू रहेगा। कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सभी सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरजंन, सांस्कृतिक,धार्मिक आयोजन और मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्र होता है,ए उनका आयोजन प्रतिबंधित रहेगा। स्कूल एवं कॉलेज खोले जाने के संबंध में सम्बंधित विभागों द्वारा पृथक से आदेश जारी किये जायेंगे। आदेश जारी होने तक स्कूल एवं कॉलेज बंद रहेंगे। साथ ही समस्त कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। ऑनलाईन क्लासेस चल सकेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम हॉल की 50 प्रतिशत क्षमता की सीमा तक संचालित किये जा सकेंगे। सभी धार्मिक और पूजा स्थल खुल सकेंगे किन्तु एक समय में 6 से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे तथा उपस्थित जनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा।



### सिनेमा घर एवं थियेटर 50 प्रतिशत की सीमा तक खुलेंगे

समस्त प्रकार की दुकानेंए व्यवसायिकए प्रतिष्ठानए निजी कार्यालयए शॉपिंग मॉलए जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमा घर एवं थिएटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किये जा सकेंगे। सिनेमा घर संचालक को कोविड.19 प्रोटोकाल का पालन कराना अनिवार्य होगा।

### औद्योगिक इकाईयाँ पूरी क्षमता से काम करेंगी

समस्त वृहदए मध्यमए लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे तथा निर्माण गतिविधियाँ सतत् चल सकेंगी। जिम एवं फ्टिनेस सेंटर्स 50 प्रतिशत क्षमता पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये खोले जा सकेंगे। समस्त खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे। रेस्टोरेंट सौ.प्रतिशत क्षमता से सशर्त खुलेंगे समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड.19 प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुये रात्रि 10 बजे तक खोले जा सकेंगे।

## कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने सभी जरूरी इंतजाम करें:कलेक्टर शर्मा

जबलपुर । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता म कोरोना की संभावित तीसरी लहर की तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ संजय मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया,डॉ धीरज दावंडे,डॉ एसएस दाहियाए डॉ मोहंती, डॉ आर के खरे, डॉ संजय छत्तानी,डॉ मनीष मिश्रा सहित सभी चिकित्सक उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि कोरोना प्रथम व द्वितीय लहर की भयावहता से सभी परिचित हैंए कोविड से संघर्ष करते.करते आज पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में है। इसमें चिकित्सकए पैरामेडिकल स्टॉफव नर्सेस की बेहतर सेवाओं को याद कर कहा कि वे अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाई है। इस दौरान जाने.अनजाने में मानवता के लिए जो सेवाएं की गई हैं उनका फीडबैंक अच्छा इलाज में रूप में सामने आया है। अब अपने पास अनुभव के साथ चिकित्सकीय संसाधन भी है अतरू तीसरी लहर आने ही न दें यदि आये भी तो वह पूरी तरह नियंत्रित रहे। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के साथ सेम्पलिंग भी बढ़ाएंए सस्पेक्ट व्यक्ति की पहचान कर उनके कांर्ट्रेक्ट ट्रेसिंग करेंए लोगों से मास्क लगाने के लिए कहेंञ सोशल डिस्टेंसिंग अपनायें और कोविड नियंत्रण के लिए अनुकूल व्यवहार करें। बच्चों को दृष्टिगत रखते हुए उनके इलाज की समुचित व्यवस्थाएं करें। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है।

### विवाह कार्यक्रम में अधिकतम सौ लोग ही होंगे शामिल

विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकम संख्या 100 हो सकेंगी। इस प्रयोजन के लिये आयोजक को संबंधित एसण्डीएमण् को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन से दो दिवस पूर्व प्रदाय करना आवश्यक होगा।

### नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया 58 वां स्मृति दिवस समारोह

# सामूदायिक हितों के हितैषी रहे बाबू जगमोहनदास

**जबलपुर।** बाबू जगमोहनदास समाज के बहुसंख्यक वर्ग के हितैषी रहे। उनका मानना था कि समाज और देश का विकास तभी संभव है जबकि समाज के मध्यम और निम्न वर्गो के हाथों में बेहतर क्रय शक्ति हो। सहकारिता मंत्री रहते हुए जगमोहनदास ने सब एक के लिए एक सबके लिए की विचारधारा पर काम करते हुए सामुदायिक हितों पर काम किया। उनके कार्यकाल में ही संस्कारधानी को जबलपुर विश्वविद्यालय मेडिकल कॉलेज और महिला शिक्षा के क्षेत्र में होम साइंस कॉलेज की सौगातें मिलीं। वे बालिका शिक्षा और 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा के हिमायती थे। उक्त विचार एल्गिन अस्पताल चौराहा (रानी दुर्गावती अस्पताल) के पास स्थित उनके प्रतिमा स्थल परिसर में आयोजित 58 वें स्मृति दिवस समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहीं। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिनेश यादव जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम चौबे कांग्रेस कमेटी सेवा दल अध्यक्ष सतीश तिवारी बाबू विश्वमोहन पूर्व मंत्री नन्हे लाल धुर्वे पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया कैलाश तिवारी डीएस दुग्गल इंदिरा तिवारी पाठक शिवकुमार चौबे हाजी इसरार अहमद अरूण पवार मदन लारिया भगतराम रिजवान अली कोटि गुड्डू नबी डॉ प्रशांतमिश्रा संजय साहू रामदास यादव मुन्ना सेन सहित कांग्रेस सेवादल और एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जबलपुर से हरिद्वार साप्ताहिक ट्रेन 21 जुलाई से

जबलपुर। कोविड के चलते बंद हो गई जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल भी पटरी पर लौटने वाली है। रेलवे ने इस साप्ताहिक ट्रेन को 21 जुलाई से चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। इसी के साथ इस ट्रेन के परिचालन अवधि को भी दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। ये ट्रेन जबलपुर से लखनऊ होते हुए हरिद्वार तक जाती है। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ राहुल जयपुरिया के मुताबिक यात्रियों को बेहतर सुविधा और हरिद्वार तक की यात्रा को सुगम बनाने के लिए इस ट्रेन को बहाल करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे बोर्ड ने गाड़ी संख्या 02191/02192 जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को 21 जुलाई से चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 02191 जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक (बुधवार) स्पेशल ट्रेन 21 जुलाई से शुरू होगी। इस ट्रेन को 29 दिसंबर तक विस्तार दिया गया है। वहीं गा?ी संख्या 02192 हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक (गुरुवार) स्पेशल ट्रेन 22 जुलाई से शुरू होगी। इसे 30 दिसंबर तक विस्तार दिया गया है। यह गाड़ी पूरी तरह से आरक्षित है। कंफर्म टिकट वाले ही इस ट्रेन में सफर कर पाएंगे।



### हर बुधवार को शाम 6.55बजे होगी रवाना

जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल हर बुधवार को शाम 6.55बजे रवाना होकर कटनी, मैहर स्टेशन पर रुकते हुए रात 9.40 बजे सतना पहुंचेगी। चित्रकूट, बांदा होते हुए अगले दिन तड़के 3.20 बजे कानपुर पहुंचेगी। लखनऊ सुबह 4.50 बजे पहुंचने की टाइमिंग है। इसे बाद ये ट्रेन बरेली, मुरादाबाद होते हुए हरिद्वार दोपहर 1.20 बजे पहुंचाएगी।

### हरिद्वार से हर गुरुवार को

इसी तरह हरिद्वार-लखनऊ साप्ताहिक ट्रेन हर गुरुवार को हरिद्वार से शाम 4.20 रवाना होगी। निजामाबाद शाम 5.32, मुरादाबाद शाम 7.17, बरेली रात 9.06 बजे, शाहजापुर रात 10.15 बजे, हरदोई 11.40 बजे, लखनऊ देर रात 1.20 बजे, कानपुर अगले दिन त?के 3.10 बजे, बांदा सुबह 5.52 बजे, चित्रकूट सुबह 6.58 बजे, सतना सुबह 8.45 बजे, मैहर 9.13 बजे, कटनी 10.03 बजे और सुबह 11.20 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

## बिना उचित कारण के अलार्म चेन पुलिंग न करें

### टिकट लेकर ही करें सम्मानजनक यात्रा

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को सुरक्षित एवं समय से उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन और मण्डल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्री सुरक्षा में बेहतर कार्य करते हुए यात्रियों को उनके गतंव्य तक सुरक्षित पहुचाने के लिए हमेशा तत्पर एवं सतर्क है। कुछ यात्रियों द्वारा यात्रा के दौरान बिना किसी पर्याप्त कारण के चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोक दिया जाता है, इससे गाड़ी की समय पालनता प्रभावित होने के साथ - साथ सह यात्रियों को भी असुविधा होती है, तथा साथ ही पीछे चलाने वाली गा?ियों की समय पालनता प्रभावित होती है। पमरे द्वारा जनवरी 2021 से 30 जून 2021 तक यात्री गाड़ियों की समय बाध्यता में सुधार लाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना अधिकृत कारण के एसीपी (चैन पुलिंग) करने वाले व्यक्तियों को रेल अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए 1019 यात्रियों के विरुद्व वैधानिक कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि वर्ष 01 जनवरी 2020 से 30 जून 2020 तक बिना उचित कारण के एसीपी करने वाले व्यक्तियों पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 957 यात्रियों को अनियमित यात्रा पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाई की गई। उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2020 से 30 जून 2020 की अवधि में कार्यवाही करते हुए रुपये 6,10,699 /- जुर्माने के रूप में रेल राजस्व अर्जित किया जबकि इस वर्ष 01 जनवरी 2021 से 30 जून 2021 तक अनियमित यात्रियों पर कार्यवाई करते हुए रुपये 8,24,185/- जुर्माना राशि वसूल की।

## ईदुल अजहा के मौके पर चाक चौबंद व्यवस्था की जाए

जबलपुर। ईदुल अजहा को लेकर डॉ जाकिर हुसैन वार्ड गोहलपुर नई बस्ती अंसार नगर पानी वाली तलैया चार खम्बा मोमिन पूरा तलैया नगीना मस्जिद नोने लाल की गली मोती लाल नेहरु वार्ड अशफाक उल्ला खान वार्ड मौलाना आजाद वार्ड ठक्कर ग्राम वार्ड लाल बहादुर शास्त्री वार्ड रबिन्द्रनाथ टैगोर वार्ड संजय गाँधी वार्ड अब्दुल हमीद वार्ड में आने वाले त्योहार को लेकर कांग्रेस नेता आजाद अंसारी के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा कर कांग्रेस पार्टी ये मांग की है की क्षेत्रों में साफ सफाई, खम्बो की बिजली मरमत, पानी की पूर्ति, जगह जगह कचरे का डब्बा और अतिरिक्त कचरे वाली गा?ी ,मस्जिद एवं ईद गाह के बहार साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करे। मुख्य रूप से आरिफ पहलवान, लतीफ अंसारी, मुन्ना बाबू, मुख्तार अली, शानू खान, अफरोज अंसारी, गुफरान अंसारी, अहसान अंसारी, आ?म कुरैशी, सलमान पठान, सोनू सुरमा, गोलू, उवेश, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 93वॉ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् स्थापना दिवस एवं वृहद्र वृक्षारोपण



**जबलपुर।** खरपतवार अनुसंधान निदेषालय द्वाराआज 93वॉ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेषालय के निदेशक डॉ.जे.एस.मिश्र एवं निदेषालय के समस्त वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेषक डॉ.जे.एस.मिश्र ने निदेषालय में चल रही गतिविधियों एवं अनुसंधान कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने की दिषा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रयास किये जा रहे हैं, जिसमें शोध के साथ ही विस्तार कार्यक्रम पर भी जोर दिया जा रहा है। डॉ.मिश्र ने इस अवसर कहा कि कृषि को कृषकों का स्वर्णिम काल बनाने में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अग्रणीय भूमिका निभा रहा है, किसानों की वर्तमान समस्याओं की चर्चा करते हुये वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे तकनीकी विकास के साथ ही तकनीकी विस्तार पर भी कार्य करें एवं उन्होंने किसानों को कोऑपरेटिव सोसायटी बनाकर कार्य करने के लिये प्रेरित किया।इसके पश्चात् संस्थान में देश की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में '' हर मेड़ पर पेड़ '' थीम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजाती के लगभग 250 वृक्षों को निदेशालय परिसर में निदेशक डॉ.जे.एस.मिश्र एवं समस्त वैज्ञानिक, अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा रोपित किया गया।

**कृषि को स्वर्णिम काल बनाने में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अग्रणीय - डॉ.जे.एस.मिश्र**

## महिला अधिवक्ता ने लगाया विरासत में मिले मकान से बेदखल करने की कोशिश का आरोप

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट व जिला अदालत में पैरवी करने वाली महिला अधिवक्ता अनुभूति योगी ने आरोप लगाया है किण् उन्हें माता.पिता व भाई साजिश रचकर विरासत में मिले मकान से बेदखने करने की कोशिश कर रहे हैं। जिस मकान को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा हैण् वह नानी से वसीयत के जरिये उपहार किया था। अधिवक्ता अनुभूति ने शिकायत में बताया कि उनके पति अधिवक्ता जोजफ प्रसाद न्यू साउथ वेल्स में बैरिस्टर एट लॉ व सॉलिसिटर हैं। कोविड की वजह से जबलपुर में फंस गए हैं। इस बीच परिवार में रात.दिन अशांति मचाकर मकान से निकालने की कवायद जारी है। इससे उनके साथ.साथ बच्चे भी आतंकित हैं। पिता अनुराग दीपक योगीए मां डोरथी स्नेहलता व भाई अनुभव योगी आपस में मिलकर मकान को कब्जाने के बाद बेचने की फिराक में हैं। इसकी शिकायत स्टेट बारए हाई कोर्ट बार व जिला बार में की जाएगी। इसके बाद थाने में रिपोर्ट। अंततरू हाई कोर्ट से पूर्व सिविल कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा।

## स्ट्रीट फॉर प्यूपिल के अंतर्गत गुलौआ ताल में फिर दिखी रौनक

**जबलपुर।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान स्ट्रीट फॉर प्यूपिल के अंतर्गत जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गुलौआ ताल में चल रही पायलट टेस्टिंग में एक बार फिर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे गुलौआ ताल पर घूमने आए लोगो ने म्यूसिकल चेयर, स्लो साइकिल रेस, इत्त्यादी खेल खेलकल अपना मनोरंजन किया । इसी बीच लोगो ने यहाँ पर किये जाने वाले कार्यों के लिए सुझाव भी दिए एवं सुझावों को सजेशन बॉक्स में डाला । गुलौआ ताल में पायलट टेस्टिंग हेतु बेरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया गया एवं लोगो की सुरक्षा हेतु ष्ह्ल1 कैमरा भी लगाए गए । वाहनों की पार्किंग हेतु साइनेजेस भी लगाया गया । इस कार्यक्रम को नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर के मार्गदर्शन में किया गया । इस दौरान जबलपुर स्मार्ट सिटी जबलपुर की मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्रीमति निधि सिंह राजपूत भी उपस्थित रही जिन्होंने टेस्टिंग का जायजा लिया एवं कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिभागियों , सीनियर सिटीजन , बच्चे , एवं सभी वर्गों के लोगो का उत्साहवर्धन किया । इस कार्यक्रम में श्री गजेंद्र सिंह , सुश्री शैलजा सुलेरे, श्री अजय,श्री जीसान , कु. अनन्या गुप्ता , कु. अनुष्का जिंदल एवं स्मार्ट सिटी की टीम के साथ ट्रेक्सपर्ट ग्रुप से प्रशांत मासी और उनकी टीम भी शामिल हुए ।,,,



## शिक्षकों के स्थानांतरण के नाम पर झुन-झुना

### पोर्टल अपडेट नहीं, स्थानांतरण तिथि बढाई जाये

जबलपुर ।मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य के कर्मचारियों के लिए दिनांक 01 जुलाई 2021 से 31 जुलाई 21 के मध्य स्थानांतरणों में छूट प्रदान की गई है। इस अनुक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व तैयारी के आनन-फानन में विभाग की आधी-अधूरी स्थानांतरण नीति 12 जुलाई 2021 को जारी की गई है जिसके अनुसार स्थानांतरण हेतु इच्छुक शिक्षकों/कर्मचारियों को आवेदन करने का मात्र 3 दिन का समय दिया गया है, आवेदन की जटिल प्रक्रिया के तहत सबसे पहले आवेदक को अपने प्रधानाध्यापक /प्राचार्य से आवेदन अग्रेषित कराना फिर संकुल प्राचार्य से अग्रेषित कराना आदि तीन दिन में करा पाना संभव नहीं है। इसके साथ ही विभाग द्वारा रिक्त पदों की सूची पोर्टल पर अपडेट नहीं की गई है, पोर्टल पर जो पद रिक्त दिख रहे हैं, खोज बीन करने पर पता चलता है कि वह वास्तव में रिक्त नहीं है। इसी प्रकार वास्तव में जिन शालाओं में पद रिक्त है वह पोर्टल पर अपडेट नहीं हो रहे हैं। जैसे तैसे शिक्षक आवेदन पूर्ण कर संकुल प्राचार्य के पास लेकर जाता है तो वह उसके आवेदन को यह कहकर अमान्य कर देता है कि उनके स्थानांतरण होने से उसके विषय के शिक्षक की कमी होगी, शाला शिक्षक विहीन एवं एक शिक्षकीय हो जावेगी? अब भला इसमें शिक्षक का क्या कसूर है कि वह शासन द्वारा पद पूर्ति न करने के कारण स्थानांतरण से वंचित हो रहा है। संघ का आरोप है कि शिक्षा विभाग की तथाकथित आधी-अधूरी स्थानांतरण पालसी सामान्य प्रशासन विभाग की पालसी से मेल नहीं खा रही है। शिक्षा विभाग की इस अंधेरगर्दी से शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, जवाहर केवट, प्रहलाद उपाध्याय, मुन्ना लाल पटैल, नरेन्द्र सेन, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, दुर्गेश पाण्डे, मनोज राय द्रेय, शहजाद द्विवेदी, रजनीश पाण्डे, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, अरूण दुबे, विनोद साहू, बलराम नामदेव, अजय राजपूत, गोपाल पाठक, हरिशंकर गौतम, गणेश चतुर्वेदी, के.के.तिवारी, कैलाश शर्मा, लक्ष्मण परिहार, हर्षमनोज दुबे, श्यामनाराण तिवारी, संतोष तिवारी, धीरेन्द्र सोनी, मो0 तारिख आदि ने स्कूल शिक्षा मंत्री म.प्र.भोपाल से ई-मेल भेजकर मांग की है कि शिक्षा विभाग में शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया का सरलीकरण आवेदन करने की समय-सीमा बढाकर उसे बंधनमुक्त स्थानांतरण का अवसर दिया जाये।




**कर्मचारियों का टूट रहा धैर्य- सरकार ने साधी चुप्पी**

## कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते और वेतन वृद्धि

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते और वार्षिक वेतन वृद्धि को रोकने के पश्चात कर्मचारी संघो द्वारा आंदोलन और प्रर्दषन करने के पश्चात भी शासन-पज्झासन द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा या यूं कहें कि शासन कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहा जिससे प्रदेष के कर्मचारी आक्रोज्झित हैं। क्योंकि एक ओर बड़ती मंहगाई और दूसरी ओर महामारी के दौर में सभी आर्थिक समस्याओ से जूझ रहे हैं ऐसे में कर्मचारियों की लंम्बित मांगो को सरकार द्वारा नहीं सुनने से कर्मचारी परेषान, हैरान और हलाकान है और कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है यदि अब भी अतिषीघ्र मांगो को पूरा नहीं किया जाता तो कर्मचारी संघों द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर आंदोलन किया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, राकेष श्रीवास, कैलाष शर्मा, शहीर मुमताज, एनोस विक्टर, अरूण जैन, आदि ने शासन से मांग की है

## आवश्यकता है

शिक्षिकाओं की आवश्यकता है किड्स जोन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन E-mail-kid-szonepatan@gmail.com पर वायोडाटा सेंट करें।

-सम्पर्क-

8223951666, 7974045645



### मार्बल रॉक्स भेड़ाघाट सहित पर्यटन की 12 इकाइयों को

# ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स च्वॉइस अवार्ड

जबलपुर । मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की 12 इकाइयों को वर्ष 2021 के लिए ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स अवार्ड और निगम की ग्वालियर स्थित इकाई तानसेन रेसीडेंसी को ट्रिप एडवाइजर्स ट्रैवलर च्वॉइस कैटेगिरी का ष्बेस्ट ऑफ द बेस्टष् अवॉर्ड 2021 मिला है। विश्व विख्यात पर्यटक मार्गदर्शी संस्था ष्ट्रिप एडवाइजरष् यूनाइटेड स्टेट ऑफअमेरिका ने इन अवॉर्ड की घोषणा की हैं। राज्य पर्यटन विकास निगम की जिन 12 इकाइयों को ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स अवार्ड मिला हैए उनमें जबलपुर में भेड़ाघाट का मार्बल रॉक्स सहित पलाश रेसीडेंसी भोपालए बघीरा जंगल रिसॉर्ट मोचाए बेतवा रिट्रीट ओरछाए बायसन रिसॉर्ट मढ़इ, हॉलिडे होम्स अमरकंटकए जंगल कैम्प पन्नाए किपलिंग्स कोर्ट पेंच,सफारी लॉन, मुक्की,शीशमहल ओरछाए व्हाइट टाइगर फॉरेस्ट लॉन बांधवगढ़शामिल हैं।

निगम के प्रबंध संचालक एस विश्वनाथन ने निगम की 12 इकाइयों को विश्व स्तरीय अवार्ड प्राप्ति होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विषय न केवल मध्यप्रदेश पर्यटन अपितु संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इन सभी इकाइयों को उक्त सम्मान जनक स्थान तक पहुँचाने में इकाइयों के समस्त वरिष्ठ प्रबंधकों के कुशल प्रबंधन एवं मार्गदर्शन और इकाइयों में कार्यरत समस्त स्टॉफ का सर्वाधिक योगदान है। मध्यप्रदेश पर्यटन ने उक्त उपलब्धि के लिये निगम परिवार एवं समस्त इकाइयों के स्टॉफऔर मध्यप्रदेश आने वाले सभी पर्यटकों को वोटिंग करने के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## समय.सीमा में पूरी करें नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारी

### आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग श्री सिंह ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**जबलपुर ।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन की तैयारी समय.सीमा में पूरी करें। निर्वाचन से संबंधित जो कार्यवाही शेष हैए उसकी सूची बनायें और प्रत्येक कार्य समय पर करें। तैयारी पूरी होते ही आम निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश नगरीय निकायों एवं त्रि.स्तरीय पंचायतों के आगामी आम निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण और वैक्सीनेशन की स्थिति के मद्देनजर वर्तमान में आम निर्वाचन करवाया जाना संभव है। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण पहले से ही आम निर्वाचन बहुत लेट हो चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि पहले नगरीय निकायों के निर्वाचन करवाये जायेंगे। श्री सिंह ने प्रत्येक सेक्शन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नई अमिट स्याही क्रय करने के आदेश जल्द जारी करें। नगरीय निकायों में बनने वाले स्ट्राँग रूम में सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की व्यवस्था करें। कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन हर स्तर पर किया जाए।

## कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, दक्षिण सिवनी(सा.) वनमण्डल


07692-220530 07692-222989 email-drotsseoni@mp.gov.in

### प्रेस विज्ञाप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा (सा.) अंतर्गत आने वाले वनक्षेत्र से वनोपज का अवैध परिवहन करते हुए मोटर सायकिल हीरो होण्डा पंजीयन क्रमांक एमपी 20 के जी 7860 एवं चैसिस नंबर 02ए20सी02101 वन अपराध प्रकरण क्रमांक 47037/08 दिनांक 12.11.2020 (अज्ञात) में जप्त की गयी। जिसके राजसात किये जाने की कार्यवाही प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी केवलारी (सा.) में प्रचलित है। अतः उक्त वाहन के संबंध में जो व्यक्ति दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है ज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिवस के अंदर वैधानिक दस्तावेज के साथ अधोहस्ताारकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। यदि कोई पक्षकार उपस्थित नहीं होते हैं तो एक तरफा कार्यवाही की जाकर वाहन राजसात किया जाएगा।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उपवनमंडल अधिकारी
केवलारी (सा.) उपवनमण्डल

जी-14518/21



## संपादकीय

# आम लोगों को भी तो राहत मिले

कोरोना संकट के साथ ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों की दिक्कतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। ईंधन की महंगाई के साथ खाद्य पदार्थों, खाद्य तेल व दूध की महंगाई ने हर आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिये तो सरकार ने महंगाई भत्ता ग्यारह फीसदी बढ़ा दिया है, लेकिन सवाल है कि निजी व असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों को राहत कैसे मिलेगी? बुधवार को कैबिनेट के फैसले में कोरोना संकट के चलते डीए पर लगी रोक को हटाकर उसे 17 फीसदी के बजाय 28 फीसदी कर दिया गया है। निस्संदेह केंद्र सरकार का यह कदम उन 48 लाख कर्मचारियों व 65 लाख पेंशन धारकों को बड़ी राहत देगा, जो महंगाई की तपिश महसूस कर रहे थे। लेकिन सवाल यह भी है कि कोरोना संकट के चलते जब हर आम आदमी की आय का संकुचन हुआ है और वह महंगाई से हलकान है, तो क्या उसे राहत पहुंचाने के लिये सरकारों की तरफ से कोई गंभीर पहल नहीं होनी चाहिए। वह भी तब जब देश में थोक महंगाई दर लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई है। जून में कुछ कमी के दावों के साथ यह 12.07 फीसदी बनी हुई। वहीं ईंधन व जिंसों के दाम में तेजी जारी है। चिंता की बात यह भी है कि पिछले एक दशक में थोक महंगाई दर दो अंकों में नहीं देखी गई। साथ ही इसमें लगातार तीन माह तक बढ़त का क्रम भी नहीं रहा जबकि थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर गत वर्ष जून, 2020 में ऋणात्मक 1.8 रही थी। लेकिन इसके बावजूद केंद्र व राज्य सरकारों की तरफ से महंगाई पर रोक लगाने की दिशा में कोई गंभीर पहल होती नजर नहीं आ रही है। कयास लगाये जा रहे हैं कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के निष्क्रिय होने के बाद देश में जमाखोरी बढ़ने की प्रवृति ने महंगाई बढ़ाने में भूमिका निभायी है। हाल ही में एसबीआई की आर्थिक कमेटी ने खुलासा किया था कि पेट्रोल-डीजल की महंगाई ने हर आम आदमी के बजट को हिला दिया है। लोगों को कोविड महामारी के चलते चिकित्सा खर्च बढ़ाना पड़ा है लेकिन पेट्रोल-डीजल की महंगाई के कारण उन्हें अपने स्वास्थ्य सहित कई जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ी है। वहीं जिंसों की कीमतों में वृद्धि के कारण लोगों का मासिक बजट गड़बड़ा गया है। फलत- लोग या तो अपनी बचत में कटौती कर रहे हैं या फिर अपने खर्च पूरा करने के लिये बचत की रकम की मदद ले रहे हैं। निस्संदेह वैश्विक स्तर पर पेट्रोल डीजल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई, जिसके चलते देश में पेट्रोल सौ रुपये से अधिक बिक रहा है। मगर केंद्र व राज्य सरकारों की ओर से जनता को राहत देने की कोई कवायद नहीं की जा रही है। केंद्र व राज्य पेट्रोलियम पदार्थों पर बेहिसाब टैक्स लगाकर अपना खजाना भरते हैं। यहां तक कि जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में भारी गिरावट आई तो सरकार ने उसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया। बाकायदा केंद्र सरकार ने कुछ टैक्स लगाकर इसे महंगा ही किया। ऐसे वक्त में जब मुद्रास्फीति की दर छह फीसदी से अधिक है तो महंगाई की तपिश महसूस होनी स्वाभाविक है। यह दर सरकार द्वारा लक्षित चार फीसदी से काफी अधिक है। ऐसे में यदि लोग महंगाई के चलते अपने जरूरी खर्चों में कटौती करते हैं तो इससे कोरोना संकट में पस्त हुई अर्थव्यवस्था को भी गति नहीं मिल पायेगी। विपक्षी दल व आम लोग पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाये गये टैक्सों पर कटौती करने की मांग लंबे अर्से से करते रहे हैं। इसके खिलाफ कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल देशव्यापी आंदोलन करते रहे हैं। ऐसे में आगामी मानसून सत्र में महंगाई विपक्ष के लिए बड़ा मुद्दा बन जाये तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। दरअसल, महंगाई सिर्फ पेट्रोल व डीजल की ही नहीं है खाद्य तेल, दूध और जिन्सों की महंगाई भी लोगों को मुश्किल में डाल रही है। पर्यटन, सेवा, शिक्षा और होटल समेत तमाम व्यवसायों में आय का गहरे तक संकुचन हुआ है। ऐसे में महंगाई की मार बेचैन करने वाली है।

# बेहतर स्वास्थ्य-शिक्षा नीति थामेगी आबादी

विश्व जनसंख्या दिवस पर भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपनी जनसंख्या नीति 2021-30 के मसौदे की घोषणा की है। इसका उद्देश्य राज्य की जन्म दर का सामंजस्य विकास दर से बैठाना है। इस क्रम में जन्म दर वर्ष 2026 तक मौजूदा 2.7 फीसदी से घटाकर पहले 2.1 फीसदी पर लानी है, फिर 2030 तक 1.9 फीसदी करनी है। भारत की औसत जन्म दर 2.2 फीसदी है।भारत में एक दशक से ज्यादा समय में जन्म दर सूचकांक लगातार नीचे की ओर है। दक्षिण भारतीय राज्यों में हिंदी भाषी पट्टी की बनिस्बत यह कमी काफी तेज हुई है। भले ही उत्तर प्रदेश में आबादी पर अंकुश का उद्देश्य जन्म दर में कमी लाकर इसका तालमेल विकास दर से करवाना है, लेकिन इसके लिए सर्वोत्तम उपाय क्या है? भारत में 'आयुवर्गीय लाभांश' (डेमोग्रॉफिक डिवीडेंट) वर्ग में होती जा रही वृद्धि के क्या मायने हैं? अर्थात्? क्या आबादी में युवाओं की गिनती बढ़ने से कमाऊ श्रेणी में भी उतनी ही बढ़ोतरी हो रही है? क्या हम मालथुसियन डिस्टोपिया नामक बिंदु पर हैं, जहां अनुत्पादक आबादी आर्थिक विकास के लाभ का हिस्सा हड़प रही है? हमारे गणतंत्र के आरंभिक दिनों में, जनसंख्या नियंत्रण करना हमारी राष्ट्रीय नीति का स्वीकार्य अंग था। याद कीजिए वह नारा 'हम दो, हमारे दो'। लेकिन एमरजेंसी में संजय गांधी के सामूहिक नसबंदी कार्यक्रम में बरती गई ज्यादतियों की बदौलत जनसंख्या नियंत्रण का विषय राजनीतिक रूप से अछूत बन गया। इसके बाद यह विषय नए रूप में बताया जाने लगा कि आबादी सीमित रखने से आय में वृद्धि और समृद्धि बनेगी। इसका निकट संबंध शिक्षा के प्रसार से है, विशेषकर महिला साक्षरता, शादी की उम्र आगे सरकना और नौकरियों में बढ़ती महिलाओं की संख्या से। यह निष्कर्ष न केवल विकसित देशों के अनुभव से बल्कि देश के भीतर केरल और तमिलनाडु के उदाहरण से भी निकला है, जहां शिक्षा के बढ़े स्तर ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया है। वर्ष 1990 के दशक से शुरू होकर देश में आर्थिक सुधार और उदारीकरण वाले चरण में 'आयुवर्गीय लाभांश' सिद्धांत यह कहकर बताया गया कि भारत की बढ़ती आबादी में युवाओं का अधिक गिनती होना एक 'सरमाया' होगा। जो कि तेज विकास दर पाने के लिए एक मूल्यवान स्रोत होता है। तर्क दिया गया कि अपनी प्रौढ़ आबादी के साथ उत्तर अमेरिका, यूरोप और जापान तेजी से वृद्धावस्था वाली जनसंख्या में तब्दील होने जा रहे हैं, तब उन्हें अपनी विकास दर बनाए रखने के लिए चीनी और भारतीय युवाओं की जरूरत पड़ेगी। भारत के आर्थिक विकास के आरंभिक चरण में देश की बढ़ती जनसंख्या को एक 'पूंजी' बताया गया। लेकिन इस 'आयुवर्गीय लाभांश' का फायदा तभी मिल सकता है जब इस श्रेणी के युवा और कमाऊ वर्ग के पास अच्छा रोजगार हो। इसके लिए जरूरी है कि उन उद्योग-धंधों में निवेश हो जहां बड़ी संख्या में रोजगार सृजन हो, लिहाजा ऐसी नीतियां बनें, जिनसे ज्यादा से ज्यादा गिनती में काम-धंधा सृजित हो। युवा वर्ग के कमाऊ होने से आगे उच्चतर शिक्षा, यथेष्ट कौशल और सतत्? तरक्की की संभावना होती है। अन्य अवयव भी महत्वपूर्ण हैं जैसे कि मानव शक्ति की गुणवत्ता। यह अच्छी स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा तक पहुंच पर निर्भर है। अगर बड़ी संख्या में बच्चे कुपोषण का शिकार हों या अपेक्षित विकास न कर पाएं तो जाहिर है कम उत्पादक होंगे। वर्ष 2050 के आसपास भारत की जन्म दर वृद्धि स्थिर हो जाएगी, इससे पहले कि 'आयुवर्गीय लाभांश' वाला चरण समाप्त हो, हमारे पास समय अभी भी बाकी है। यदि देश विगत वाली तेज आर्थिक विकास दर पाकर पर्याप्त रोजगार नहीं बना पाए तो हम लोग निम्न आय के जाल में फंस जाएंगे।

उत्तर प्रदेश की पहल ने कई अन्य महत्वपूर्ण विषय उठाए हैं। क्या नीति मसौदा इस बात की मौन स्वीकृति है कि हम लोग 'आयुवर्गीय लाभांश' का फायदा उठाने में असफल रहे हैं और बढ़ती आबादी का अर्थ है देश के उत्पादक वर्ग पर निर्भर बेरोजगार लोगों के अनुपात में इजाफा? उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लगता है, हमारे पास 'आयुवर्गीय लाभांश' का फायदा उठाने को लगभग एक दशक और बचा है। जरूरी है रोजगार-सृजन उन्मुख उद्योगों में विस्तार करने वाली नीतियां बनें और भारत को 'कम मजदूरी लागत' वाला देश बनाया जाए। इसी नीति से चीन ने ऊंचाई छुई है और अब वियतनाम और यहां तक कि पड़ोसी बांग्लादेश भी इस पर अमल कर रहा है। किंतु हमारी कुछ मौजूदा नीतियां इस सिद्धांत के उलट हैं। उदाहरणार्थ, उत्पादनबद्ध प्रोत्साहन योजना (प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेन्टिव स्कीम) के अंतर्गत बहुत बड़ी मात्रा में सार्वजनिक धन का निवेश तकनीक-उन्मुख उद्योग-धंधों को बढ़ावा देने में किया जा रहा है, इन में रोजगार सृजन की संभावना अपेक्षाकृत कम होती है। इसकी बजाय हमारा मुख्य ध्यान लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने की ओर होना चाहिए, बल्कि अनियोजित क्षेत्र को भी यथेष्ट ध्यान मिलना चाहिए, इससे किए गए निवेश की एवज में कहीं ज्यादा रोजगार पैदा होंगे।

सरकारों का आदेशात्मक तरीके से किया जाने वाला जनसंख्या नियंत्रण विगत में सफल नहीं हो पाया है, और अभी भी होने की उम्मीद कम ही है। चीन में यह तभी हो पाया क्योंकि 'एक बच्चा' नीति का पालन कड़े दंडात्मक प्रावधानों से लागू करवाया गया था। वहां भले ही आबादी नियंत्रित करने में काफी हद तक कामयाबी मिली है, लेकिन भारत जैसे एक लोकतंत्र में अमानवीय कार्रवाई करने की अनुमति नहीं होती। हमें एमरजेंसी के वक्त से सबक सीखना चाहिए। भले ही हम कानून के जरिए जन्म दर घटाने की चाहना रखते हैं, लेकिन जो चीज ज्यादा कारगर रही है वह है शिक्षा पर काम करना, खासकर महिलाओं की और उनके लिए रोजगार के मौकों में विस्तार करना। उच्चतर आर्थिक खुशहाली की प्राप्ति होने से जन्म दर में कमी खुद-ब-खुद होने लगती है, यह उपाय उस तरीके से कहीं ज्यादा बेहतर है, जिसमें आर्थिक उन्नति पाने को सरकारें जनसंख्या नियंत्रण कानूनों का सहारा लेती हैं। वैसे भी इस ढंग पर कई सवाल उठ खड़े होते हैं।

हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत नीति के कुछ पहलू स्वागतयोग्य हैं। इसमें जच्चा-बच्चा मृत्यदर में कमी, जन्म के बीच अंतराल और मां-बच्चे के संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना अच्छी बात है। उक्त बिंदु किसी अक्लमंद सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति के लिए जरूरी होते हैं। आज हमें जनसंख्या नियंत्रण पर सरकारी नीति की बजाय जरूरत है एक बेहतर स्वास्थ्य नीति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और सबसे ऊपर एक सुसंगत आर्थिक रणनीति की।

**श्याम सरन**

**लेखक पूर्व विदेश सचिव और सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में वरिष्ठ फैलो हैं।**



# धरती की हदों से पार सपना सच होना

दशकों की तपस्या सरीखी मेहनत जब सपनों को साकार करती है तो निस्संदेह खुशी का पारावार नहीं रहता। बीते रविवार जब अरबपति ब्रितानी व्यवसायी रिचर्ड ब्रैनसन के साथ वर्जिन गैलेक्टिक के रॉकेट प्लेन से भारत की बेटी सिरिशा बांदला अंतरिक्ष में पहुंची तो यह उसके बचपन से देखे गये सपने का सच होना था। अमेरिका के साथ भारत में भी खुशियां मनायी गई। कल्पना चावला के बाद वह दूसरी भारतीय मूल की महिला है जो अंतरिक्ष में कदम रख पायी। दरअसल, अमेरिका के न्यू मैक्सिको में वर्जिन गैलेक्टिक का यह रॉकेट विमान उड़ान भरने के एक घंटे बाद वापस धरती पर लौट आया। यह एक ऐतिहासिक घटनाक्रम था और इस प्रकार दुनिया में अंतरिक्ष पर्यटन की शुरुआत हो गई। इस तरह अरबपति व्यवसायी रिचर्ड ब्रैनसन ने अमेजॉन के जेफ बेजॉस और स्पेस एक्स के एलन मस्क को पछाड़ दिया, जो अंतरिक्ष पर्यटन में कदम रख रहे हैं। कभी चार साल की उम्र में माता-पिता के बिना भारत से अकेली अमेरिका जाने वाली सिरिशा बांदला आज इतनी बड़ी हो गई है कि उसने बचपन में देखे सपनों को हकीकत में बदल दिया। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में जन्मी बांदला बचपन से ही आकाश की ऊंचाइयों की हकीकत जानना चाहती थी। उसका जन्म गुंटूर के चिराला में वर्ष 1987 में हुआ। वह बचपन से ही आकाश को लेकर सम्मोहित रही है। वह आसमान को देखकर पूछा करती थी कि अंतरिक्ष में कैसे जाते हैं? वहां क्या है? उसके पिता मुरलीधर व मां अनुराधा अमेरिका में ही नौकरी करते थे सो शुरुआत में उसका लालन-पोषण दादा डॉ. रंगैया बादला व दादी की देखरेख में हुआ। चार साल की उम्र में सिरिशा को उसके लिये अजनबी व्यक्ति के साथ अमेरिका भेजा गया था। लेकिन वह हवाई जहाज में यात्रा करने के लिये खासी उत्साहित थी।

**अरुण नैथानी**

# आपका राशिफल 17 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

## फिल्म वर्ग पहेली - 5497

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | | ■ | |
| 7 | | ■ | 8 | ■ | 9 | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| 14 | 15 | | | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | 18 | | 19 | | 20 | | ■ | | ■ |
| 21 | ■ | ■ | 22 | | | | 23 | | |
| 24 | | 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | 28 | ■ | 29 | | ■ | 30 |
| ■ | 31 | | ■ | 32 | | | | 33 | |

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उगंली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमृता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5496**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | दि | नी | ■ | पु | ■ | मैं | ब | ल | र |
| ध | ■ | ल | ल | का | र | ■ | हा | ■ | वी |
| न | सी | म | ■ | र | ■ | प | र | वा | ना |
| ■ | मा | ■ | श्र | ■ | सु | र | ■ | सु | ■ |
| आ | ■ | आ | शि | क | ■ | दे | वी | ■ | ह |
| ह | मे | शा | ■ | ह | व | स | ■ | स | त्या |
| ■ | ला | ■ | आ | र | जू | ■ | खे | ल | ■ |
| बे | ■ | ला | वा | ■ | द | स | ■ | मा | या |
| खु | ■ | ■ | रा | जू | ■ | फ | र्ज | ■ | रा |
| दी | वा | ने | ■ | ली | ड | र | ■ | टी | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## हौसला जिन्दगी का

जिंदगी जीना है तो जूनून को जिंदा रख,
लक्ष्य को पाना है तो उम्मीदों को जिंदा रख।

संघर्षों के सहारे तू आसमां से ऊपर उठ जायेगा,
बुलंद इरादों से भरे हौंसलों को जिंदा रख।।

राहें मुश्किलों भरी है फिर भी जीने की आस रख।
विपरीत हालातों में मंजिलों को पाने की प्यास रख।।

बेबस जिन्दगी की बेबसी पर कर जीत हासिल,
विश्वास भरे बुलंद हौसलों को अपने पास रख।।

नाकामी की दीवारें अब टूटकर बिखर जाएंगी
हमारी सोई हुई तकदीरें फिर निखर जायेंगी

जुल्मत को चीरकर फिर आफताब निकलेगा
तू अपने मुकद्दर पर इतना तो विश्वास रख।।

जिन्दगी इम्तिहानों से भरी है तू सब्र को साथ रख
वक्त हर जख्म को भर देगा हौसला तू अपने पास रख।

यह जीवन फिर खुशियों से खिलखिला उठेगा,
तू अंगारों पर चलने का जज्बा तो अपने साथ रख।।

तकदीर पर भरोसा कर और मेहनत पर विश्वास रख
आसमां भी पिघल जाएगा तू अपने हौसलों में आग तो रख

जिंदगी को तो अपने ही कदमों पर चलना पड़ता है
तू अपने कदमों को आगे बढ़ाने के जज्बात तो रख



काव्याकार
डा. प्रदीप कुमार उप्पल

## सूडोकु नवताल- 6018

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6017 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |



## विचार प्रवाह

यदि कोई पति पत्नी अपने घर एकहोनहार बेटा चाहते हं तो उन्हें संयम और मर्यादा में रहना होगा। तपस्वी पति पत्नी के घर ही ऐसा होनहार बेटा पैदा होता है। जिस घर में पति पत्नी सारे दिन ताश चौपड़ खेलते हैं क्लब में जाकर डांस करते हैं और शराब पीते हैं। उस घर में दु:शासन और दुर्योधन ही पैदा होंगे। जीवन में संयम और मर्यादा होगी तो ही घर में राम, कृष्ण, महावीर, कुन्दकुन्द और शिवाजी महाराज का जन्म होगा। अगर बेटा शराबी है , चोर उचक्का है तो इसके लिए 50 फीसदी दोषी मां बाप भी हैं।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

**बाएँ से दाएँ**

1.दर्द से निकली कराह-2
2.ओट,चिलमन-3
4.जरा,थोड़ा-2
6.कपड़े की दीवार-3
7.निर्माण-3
8.झगड़ा,अनबन-3
9.गहन-3
10.लाज,लज्जा-3
11.रनिवास-3
13.500 कागजों की गड्डी-2
14.विश्राम,राहत-3
15.थोड़ा-2
16.एक कीमती लकड़ी-3
17.कैनाल,उपनदी-3
18.बूंद-3
19.मृत्युंजय-3
20.मेघ,बदरा-3
21.सम्राट,राजा-3
23.संपत्ति-2
24.विष,गरल-3
25.औषधि-2

**ऊपर से नीचे**

1.अग्नि,अनल-2
2.आश्रय,शरण-2
3.लीन,मगन-2
4.कूड़ा-कर्कट-3
5.झंकार-2
6.लेखनी,पेन-3
7.करुणा,दया-3
8.कर्म,भाग्य-3
9.उष्ण-3
10.भद्र,कुलीन-3
11.अवैध,नाजायज-3
12.युद्ध,रण-3
14.आश्रय-3
15.जलजला-3
16.ठंडा-3
17.नमस्कार,प्रणाम-3
18.कद्र,मान-3
19.जो कभी वृद्ध नो हो-3
20.चील,ईगल-2
21.पथ,मार्ग-2
22.इस पर रोटी सेंकते हैं-2

**शब्द पहेली -7088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | ब | ■ | ह | सी | न | ■ | रा | य |
| न | हा | ना | ■ | मा | र | ना | ■ | म |
| ■ | र | च | ना | ■ | क | पा | स | ■ |
| सा | ■ | ना | का | रा | ■ | क | र | ना |
| व | ध | ■ | म | ह | री | ■ | ल | य |
| न | र | म | ■ | त | स | ला | ■ | क |
| ■ | ती | स | रा | ■ | ना | य | क | ■ |
| रा | ■ | का | य | र | ■ | क | हा | नी |
| ह | त्या | ■ | ता | म | स | ■ | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# भोपाल स्टेशन पर बढ़ाई सुरक्षा, सिर्फ दो द्वार से दे रहे प्रवेश

**भोपाल ।** राजधानी के सबसे प्रमुख भोपाल रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्टेशन पर सिर्फ दो प्रवेश द्वार से यात्रियों को प्रवेश दिया जा रहा है। यहीं से यात्री बाहर निकलते हैं। भोपाल स्टेशन पर छह माह पूर्व तक यात्री कहीं से भी प्रवेश करते थे और बाहर निकलते थे। अब प्लेटफार्म एक पर मुख्य द्वार और प्लेटफार्म छह की तरफ मुख्य भवन में दूसरा प्रवेश है। दोनों द्वार पर सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ा दी है। प्रवेश करने और बाहर निकलने वालों पर नजर रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए प्रवेश द्वार सीमित किए गए हैं। वहीं सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई गई है। भोपाल सालों पुराना स्टेशन है। यहां से सामान्य दिनों में 130 से अधिक और कोरोना संक्रमण के कारण वर्तमान में 116 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। शाम से लेकर रात तक यात्रियों का दबाव भी रहता है। असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाकर ट्रेनों के अंदर प्रवेश कर लेते हैं। स्टेशन पर उत्पात मचाते हैं। पूर्व में बदमाशों के हथियार लेकर प्रवेश करने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साढ़े तीन साल पहले मार्च 2017 में तो कुछ आतंकी स्टेशन से गुजरने वाली भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में विस्फोटक रखने में कामयाब हो गए थे। ट्रेन सीहोर के कालापीपल पहुंची तो विस्फोट हो गया था।



### साढ़े तीन साल पहले बनी थी योजना

भोपाल रेलवे स्टेशन को कवर्ड करने की योजना चार साल पहले कालापीपल ट्रेन ब्लास्ट की घटना के बाद बनी थी। तब रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ), रेलवे, स्थानीय पुलिस और स्थानीय प्रशासन के बीच बैठक हुई थी। इस बैठक में भोपाल रेलवे स्टेशन पर प्रवेश को नियंत्रित करने की योजना बनाई गई थी। यह तय किया गया था कि स्टेशन परिसर में बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी। यात्रियों के प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए द्वार तय करेंगे। सीसीटीवी कैमरे लगाकर प्रवेश करने व बाहर निकलने वाले यात्रियों की निगरानी करेंगे। इनमें सबसे मुख्य काम बाउंड्रीवाल बनाकर स्टेशन को कवर्ड करना था। भोपाल रेल मंडल के डीआरएम उदय बोरवणकर का कहना है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए जो इंतजाम थे, उनके अनुरूप स्टेशन को लोहे की जालियां व टीन की चादरें लगाकर कवर्ड किया है। बांउड्रीवाल भी बनाई जाएगी।

# कागज की गड्डी पर लगाया 50 का नोट और महिला से ठग लिए टॉप्स, मोबाइल फोन




**भोपाल ।** कागज की गड्डी पर ऊपर सिर्फ एक 50 रुपये का नोट लगाकर शातिर ठग एक महिला से सोने के टॉप्स और मोबाइल फोन लेकर चंपत हो गए। घटना वैशाली नगर क्षेत्र में बुधवार को हुई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही है। कमला नगर थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि राहुल नगर निवासी पुष्पा कचनेरिया (52) लोगों के घरों में काम करती है। बुधवार सुबह वह मैनिट चौराहा से वैशाली नगर की तरफ पैदल काम पर जा रही थी। वैशाली नगर तिराहा पर सांची पार्लर के सामने मिले दो लड़कों ने उनसे मिसरोद जाने के लिए बस मिलने का स्थान पूछा। इस दौरान उनमें से एक ने कपड़े में लिपटी एक गड्डी दिखाई। उसमें ऊपर 50 का नोट लगा देख महिला को युवक के पास काफी रुपये होने का भ्रम हुआ। इस बीच उन्होंने कहा कि यदि वह कान के टॉप्स और मोबाइल फोन उन्हें दे दे, तो वह पूरे रुपये उसे दे देंगे। लालच में आकर महिला ने टॉप्स और मोबाइल फोन उनके हवाले कर दिया। इसके बाद दोनों युवक महिला को चमका देकर वहां से गायब हो गए। महिला ने नोटों की गड्डी देखी तो उसमें सिर्फ ऊपर एक 50 रुपये का नोट लगा था, बाकी रद्दी कागज थे। इसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### युवती से 20 हजार रुपये ठगे

उधर, टीटी नगर क्षेत्र में रहने वाली एक 26 वर्षीय युवती से 20 हजार की ठगी हो गई। युवती निजी फर्म में काम करती है। कुछ माह पहले वह शादी के लिए प्रोफाइल चेक कर रही थी। एक युवक की प्रोफाइल पसंद आई तो उससे संपर्क किया। युवक ने उसे बताया कि वह मप्र का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में विदेश में नौकरी कर रहा है। युवती ने उसके शादी के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया। मार्च-2021 में युवक ने युवती को फोन किया और बोला कि बीमार मां के लिए रुपयों की जरूरत है। भरोसा करके युवती ने वॉलेट के माध्यम से 20 हजार रुपये दे दिए। कुछ दिनों बाद वह और रुपये मांगने लगा। संदेह होने पर युवती ने 20 हजार वापस करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस पर युवक ने अपना मोबाइल फोन का नंबर बदल लिया।

## जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने छात्रों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**भोपाल।** छात्र संघर्ष समिति, भोपाल जिला द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। राज्यस्तरीय विरोध प्रदर्शन के तहत सभी जिलों में छात्रों ने पात्र विद्यार्थियों को तुरंत पूरी छात्रवृत?ति प्रदान करने, इसमें किसी तरह की कटौती न करने और परीक्षाएं रद होने के बाद परीक्षा शुल्क वापस करने की मांगों को लेकर कलेक्टर का घेराव किया गया। प्रदर्शन में भोपाल के विभिन्न स्थानों से छात्र शामिल हुए। छात्र नारे देते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें गेट पर रोक दिया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल के पांच सदस्यों ने अपर कलेक्टर उमराव सिंह मरावी से मुलाकात कर उन?हें ज्ञापन सौंपा। छात्र संघर्ष समिति ने ज्ञापन में लिखा है कि कोरोना महामारी से उपजे हालात पहले की तरह सामान्य नहीं हुए हैं। एक और जहां कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, वहीं दूसरी ओर आमजन आर्थिक संकट से गुजर रहे है। छात्र समुदाय भी इससे अछूता नही है। प्रदेश के हजारों छात्रों को छात्रवृत्ति व आवास योजना की राशि पूरा सत्र बीत जाने के बाद भी नहीं मिल सकी है और अब सरकार छात्रवृत्ति में कटौती करने जा रही है।

# इंदौर के नजदीक बनेगा एयर कार्गो, मध्य प्रदेश के उत्पादों को विदेशी बाजार में उतारने की तैयारी




**भोपाल।** देश के बीचोंबीच होने के कारण मध्य प्रदेश उद्योगपतियों की पहली पसंद है, पर यहां से देश के किसी भी कोने में उत्पाद भेजने की सीधी व्यवस्था नहीं है। इसलिए उद्योगपति प्रदेश में निवेश करने से हिचकिचाते हैं। उद्योगों की यही जरूरत पूरी करने के लिए राज्य सरकार विशाल एयर कार्गो पर काम कर रही है। केंद्रीय विमानन मंत्रालय की मदद से प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में एयर कार्गो बनाया जाएगा। जहां ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों के लिए गोदाम (वेयर हाउस) सहित उद्योगपतियों की जरूरत की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्रदेश में नए उद्योग शुरू करने के लिए सरकार उद्योगपतियों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसका असर भी हुआ है, नए उद्योग भी आ रहे हैं, पर ज्यादातर उद्योगपतियों का कहना है कि प्रदेश से देश के दूसरे प्रदेशों तक उत्पाद भेजने की अच्छी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सरकार का मानना है कि मध्य प्रदेश में औद्योगिक क्रांति लाना है, तो एयर कार्गो बेहद जरूरी है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री बनने से प्रदेश को एयर कार्गो मिलने की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। प्रदेश में कार्गो की सुविधा मिलने से दूसरे राज्यों में कार्यालय खोलकर मध्य प्रदेश में ऑनलाइन शॉपिंग करने वाली कंपनियां भी आकर्षित होंगी। क्योंकि उनका खर्च कम हो जाएगा। वहीं प्रदेश से सब्जी, फल, फूल और उपज दूसरे प्रदेश और देशों में भेजी जा सकेगी।

### डेढ़ हजार हेक्टेयर भूमि की जरूरत

एयर कार्गो के लिए डेढ़ हजार हेक्टेयर भूमि की जरूरत है। उद्योग विभाग इसका प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जो जल्द ही केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। प्रस्ताव पर केंद्र की सहमति के बाद केंद्रीय विमानन मंत्रालय कार्गो विकसित करेगा और उसके आसपास उद्योगपतियों की जरूरत की अन्य सुविधाएं उद्योग विभाग विकसित करेगा। केंद्र से सैद्धांतिक मंजूरी के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी।

### इंदौर का ही चयन क्यों?

एयर कार्गो के लिए इंदौर के आसपास भूमि तलाशने की मुख्य वजह उद्योगपतियों की चाहत है। इंदौर प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी है। इसलिए उद्योगपति उसके आसपास ही उद्योग लगाना चाहते हैं। फिर प्रस्तावित नर्मदा एक्सप्रेस-वे प्रदेश के 10 जिलों (अनूपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, हरदा, होशंगाबाद, सीहोर, खंडवा, बड़वानी एवं आलीराजपुर) को जोड़ेगा। जिसमें पश्चिमी हिस्से के जिले शामिल हैं। उद्योगों को इसका फायदा मिलेगा। सरकार के लिए भी ये क्षेत्र उपयोगी है। दरअसल, आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के तहत एक जिला एक उत्पाद पर काम किया जा रहा है।

प्रदेश में एयर कार्गो की जरूरत को देखते हुए इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जो केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसमें हम उद्योगपतियों के लिए तमाम सुविधाएं देंगे। इंदौर के नजदीक भूमि की तलाश की जा रही है। **राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, मंत्री, उद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग**

# दो टन काली मिर्च भेजने का झांसा देकर दवा कारोबारी से सात लाख की ठगी



**भोपाल ।** शहर में आयुर्वेद दवा का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को थोक में काली मिर्च का ऑनलाइन सौदा महंगा पड़ा। शातिर ठग ने उन्हें लगभग सात लाख रुपये की चपत लगा दी। क्राइम ब्रांच पुलिस धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है। क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक कोलार रोड निवासी जीतेंद्र सक्सेना हर्षवर्धन नगर में आयुर्वेदिक दवा बनाने का काम करते हैं। मई में उन्हें दवा बनाने के लिए थोक में काली मिर्च की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने गूगल के सर्च इंजन पर काली मिर्च का कारोबार करने वालों से संपर्क किया। संपर्क में एक व्यक्ति ने खुद को कोच्चि का रहने वाला बताते हुए माल भेजने का भरोसा दिलाया। पांच मई को जितेंद्र ने उस व्यक्ति से दो टन काली मिर्च का सौदा छह लाख 94 हजार रुपये में कर लिया। बातचीत के दौरान उसने जितेंद्र से कहा कि अभी एक टन माल उसके पास मौजूद है। एक टन काली मिर्च की वह व्यवस्था कर रहा है। सौदे के अनुसार जितेंद्र ने तीन लाख 47 हजार रुपये व्यपारी के बताए गए खाते में भेज दिए। रुपये खाते में पहुंचने के कुछ देर बाद ही व्यापारी ने जितेंद्र से फोन पर बोला कि आपका माल लखनऊ के एक ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजा जा रहा है। साथ ही बताया कि शेष एक टन काली मिर्च की व्यवस्था हो गई है। यदि कहें तो दो टन माल एक साथ भेज देते हैं। जितेंद्र को कुछ शक हुआ तो उसने माल की बिल्टी दिखाने को बोला। शातिर ठग ने किसी दूसरी फर्म के माल की बिल्टी जितेंद्र को ऑनलाइन भेज दी। उस पर भरोसा कर जितेंद्र ने फिर तीन लाख 47 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। छह लाख 94 हजार रुपये भेजने के बाद भी माल नहीं आया तो बिल्टी पर लिखे संपर्क नंबर पर जितेंद्र ने बात की, तो पता चला कि उनकी फर्म ने इस तरह का कोई आर्डर बुक नहीं किया है। पुलिस ठगी के आरोपित की तलाश कर रही है।

# मध्य प्रदेश में पंचायतों से पहले नगरीय निकायों के चुनाव कराए जाएंगे




**भोपाल।** प्रदेश में पंचायत से पहले नगरीय निकायों के चुनाव होंगे। महापौर और अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली यानी पार्षदों के माध्यम से होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने गुरुवार को चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मौजूदा प्रविधानों के अनुसार चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि सितंबर-अक्टूबर में निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि कोरोना के कारण चुनाव में काफी विलंब हो चुका है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण और टीकाकरण की स्थिति के मद्देनजर निर्वाचन करवाया जाना संभव है। पहले नगरीय निकायों के चुनाव कराए जाएंगे और फिर त्रिस्तरीय पंचायतराज संस्थाओं के चुनाव होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव की तैयारियों से जुड़ी जो भी प्रक्रिया बाकी रह गई है, उसे प्राथमिकता से पूरा कराएं। यह तैयारी पूरी होते ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। बैठक में नई अमिट स्याही खरीदने के लिए आदेश जारी करने के साथ निकायों में बनने वाले स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### दो चरण में होंगे 347 निकाय के चुनाव

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 407 नगरीय निकायों में से 347 में चुनाव कराए जाने हैं। 60 निकायों का कार्यकाल अभी बाकी है। चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से दो चरण में कराए जाएंगे। पहले चरण में 155 और दूसरे चरण में 192 निकायों में मतदान कराया जाएगा। इनमें सभी 16 नगर निगम शामिल हैं। चुनाव के लिए 19 हजार 955 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। तीन मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है।

### तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

वहीं, पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जाएंगे। इसमें तीन लाख 77 हजार 551 पंच, 23 हजार 912 सरपंच, 23 हजार 912 उप सरपंच, छह हजार 833 जनपद पंचायत सदस्य, 904 जिला पंचायत सदस्य, 313 जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और 52 जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाएगा।

### कमल नाथ सरकार ने बदली थी चुनाव प्रक्रिया

कमल नाथ सरकार ने महापौर और अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के बीच से कराने की व्यवस्था नगर पालिक विधि में संशोधन के माध्यम से लागू की थी। शिवराज सरकार ने इस प्रविधान को बदलकर पुरानी व्यवस्था (जनता के माध्यम से सीधे चुनाव) अध्यादेश के माध्यम से लागू कर दी थी। विधानसभा के बजट सत्र में इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगर पालिक विधि (संशोधन) विधेयक विधानसभा के बजट सत्र में रखा था पर यह पारित नहीं हो पाया। इसकी वजह से कमल नाथ सरकार के समय की अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की व्यवस्था लागू हो गई है। 24 जून 2021 को विभाग ने राज्य निर्वाचन आयोग को महापौर और अध्यक्ष का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की व्यवस्था लागू होने की जानकारी दी है।




### स्प्रिंग टूटने की कुछ घटनाएं

-2021 में 17 दिसंबर को कोच सी-12 व 19 दिसंबर को कोच सी-7 और 26 दिसंबर को कोच सी-5 की स्प्रिंग टूटी।

-दो जनवरी 2017 को बीना से भोपाल के बीच स्प्रिंग टूटी। दो फरवरी 2017 को गंजबासौदा, 14 फरवरी को भोपाल में कोच सी-14 की स्प्रिंग टूटी। चार सितंबर 2017 को बीना के पहले पावर कार कोच के पहिए व 24 सितंबर को कोच सी-7 की स्प्रिंग टूटी।

19 अगस्त 2018 को हबीबगंज में कोच सी-8 के पहिए की स्प्रिंग टूटी मिली। 30 अक्टूबर 2018 को कोच सी-10 के पहिए में लगी प्रायमरी सेफ्टी स्प्रिंग टूटी मिली। 25 नवंबर 2019 को नई दिल्ली से हबीबगंज आते समय कोच सी-11 की स्प्रिंग टूटी।

# शताब्दी एक्सप्रेस की सेफ्टी स्प्रिंग 15वीं बार टूटी, हो सकता है हादसा

**भोपाल ।** शताब्दी एक्सप्रेस की सेफ्टी स्प्रिंग गुरुवार को 15वीं बार टूटी गई। हबीबगंज स्टेशन पर ट्रेन की जांच के दौरान स्प्रिंग टूटी मिली। यह ट्रेन नई दिल्ली से हबीबगंज स्टेशन के बीच चलती है। ये स्प्रिंग पहिए और ट्रॉली के बीच में लगी होती हैं। इनके टूटने से बड़ी अनहोनी हो सकती है। बीते पांच साल में स्प्रिंग टूटने की यह 15वीं घटना है। ये घटनाएं केवल भोपाल व हबीबगंज स्टेशन पर पकड़ में आई हैं। दिल्ली से झांसी के बीच भी स्प्रिंग टूटी हो तो इसकी जानकारी नहीं है। रेलवे के जानकारों का कहना है कि स्प्रिंग टूटने से रफ्तार के समय ट्रेन का संतुलन बिगड़ सकता है और बड़े हादसे से इन्कार नहीं किया जा सकता।

### हटाना पड़ा कोच, परेशान हुए यात्री

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि शताब्दी के सी-11 कोच की स्प्रिंग टूटी पाई गई थी जिसे हटाना पड़ा है। बता दें कि कोच हटाने की स्थिति में यात्रियों को दूसरे कोचों में जगह दी जाती है लेकिन जब तक व्यवस्था न हो जाए, तब तक उन यात्रियों को परेशान होना पड़ता है जिनका संबंधित कोच में टिकट होता है। जब भी स्प्रिंग टूटती है और कोच बदलने की नौबत बनती है तो यह दिक्कत आती है।

दिसंबर 2016 से अक्टूबर 2018 तक 10 बार शताब्दी की सेफ्टी स्प्रिंग टूट चुकी है। ये जर्मन कंपनी एलपीडीएम द्वारा सप्लाई की थी जो कपूरथला कोच फैक्ट्री ने शताब्दी के एलएचबी कोच (जर्मन कंपनी लिंक हॉफमैन बुश के तकनीकी सहयोग से तैयार आधुनिक कोच) में लगाए थे। विदेशी स्प्रिंग के बार-बार टूटने के बाद मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत रेलवे ग्वालियर रेल स्प्रिंग कारखाना में स्वदेशी स्प्रिंग बनवा रहा है। ये स्प्रिंग ही कोच में लगाए जा रहे थे तब भी स्प्रिंग टूट रही हैं।

### 100 कोच की स्प्रिंग बदली

मीडिया ने शताब्दी एक्सप्रेस की सेफ्टी स्प्रिंग टूटने की खबरें लगातार प्रकाशित की हैं। इनमें बताया गया है कि जर्मन कंपनी द्वारा सप्लाई की गई स्प्रिंग में उपयोग की जाने वाली सामग्री में गड़बड़ी है। इसके कारण स्प्रिंग टूट रही हैं। नवदुनिया की खबर के बाद फरवरी 2017 में रेलवे बोर्ड ने जांच कराई थी।

इसमें पता चला कि विदेशी कंपनी द्वारा सप्लाई की गई स्प्रिंग के लॉट में ही गड़बड़ी थी। तब रेलवे ने 100 कोच की स्प्रिंग बदली थी। विदेशी कंपनी एलपीडीएम को ब्लैक लिस्ट भी किया था।

### सवाल- शताब्दी की ही स्प्रिंग क्यों टूटी रही

भोपाल व हबीबगंज रेलवे स्टेशन से वर्तमान में चौबीस घंटे में 116 से अधिक ट्रेनें गुजर रही हैं। कोरोना संक्रमण के पहले 135 से अधिक ट्रेनें गुजरती थीं।

इन ट्रेनों में स्प्रिंग के टूटने की घटना नहीं आ रही है लेकिन शताब्दी एक्सप्रेस की ही स्प्रिंग टूट रही है जो कि शताब्दी जैसी ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा का बड़ा सवाल है।

### इनका कहना है

शताब्दी एक्सप्रेस की स्प्रिंग टूटने की वजह पता लगाएंगे। जरूरत पड़ी तो स्प्रिंग बनाने में उपयोग की जा रही सामग्री की जांच कराने के लिए वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जाएगा।

**- दीपक कुमार, मुख्य प्रवक्ता उत्तर रेलवे नई दिल्ली**

# बिजली बिलों की राशि संग्रह का काम स्थानीय युवाओं को सौंपें - मुख्यमंत्री




**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिजली बिलों की राशि वसूली का काम स्थानीय युवाओं को सौंपा जाए। कुछ जिलों में मॉडल के तौर पर इसकी शुरुआत की जाए। यह जिम्मेदारी ट्रांसफार्मर-वार सौंपी जा सकती है। बिजली बिल की राशि के संग्रह पर प्रोत्साहन स्वरूप निश्चित राशि युवा समूहों को देने की व्यवस्था की जा सकती है। मुख्यमंत्री ऊर्जा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मालूम हो, अभी बिजली कंपनियों ने मीटर रीडिंग के लिए नियुक्तियां की हैं, लेकिन इनमें स्थानीय लोग नहीं हैं। दूसरे शहर या शहर के दूसरे छोर का रहवासी अन्य क्षेत्रों में यह काम कर रहा है। आने वाले समय में मीटर रीडिंग के साथ मौके पर ही बिल की राशि जमा करने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री का आशय यह है कि जिस क्षेत्र में बिल की राशि वसूली का काम हो, वहां नियुक्ति उसी क्षेत्र के युवा को दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली कंपनियां उत्कृष्ट सेवा दें और पूरी वसूली करें। बिजली व तार चोरी जैसी घटनाओं पर दंडित किया जाए। बिजली आपूर्ति, रख-रखाव, ट्रिपिंग, जले ट्रांसफार्मर बदलने में अकर्मण्यता बर्दाश्त नहीं होगी। जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। घरों और खेतों को हमें बिजली देनी ही है।

### पूर्व क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति में सुधार आवश्यक

मुख्यमंत्री ने पूर्व क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। राइस मिल और क्रेशरों को विद्युत आपूर्ति के संबंध में व्यवस्था सुधारने, संधारण, कृषि और घरेलू फीडरों से नियमित सप्लाई, शिकायतों के तत्काल निराकरण और संधारण कार्य को तेजी से करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर तक कार्य संस्कृति में सुधार आवश्यक है। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





# कलेक्टर ने किया सिहोरा के ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**जबलपुर ।कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने गुरुवार को जिले के सिहोरा विकासखंड के ग्राम झांसी में निर्माणाधीन गौशाला और ग्राम बेला में शासकीय हाई स्कूल की बन रही बाउंड्रीबाल का निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने इन निर्माण कार्यों को शीघ् पूरा करने के निर्देश देने के साथ.साथ निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत अधिकारियों को दी । कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जायेगा ।यदि कहीं कोई कमी पाई गई तो दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी ।**

इस दौरान सिहोरा विकासखंड में रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का ब्यौरा अधिकारियों से लिया तथा उन्हें

### समय सीमा पर कार्य पूरा करने के दिये निर्देश

मजदूरी के भुगतान बारे में प्राप्त की । उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित किया जाये । यदि इसमें कहीं कोई कठिनाई आ रही है तो उसका शीघ्र निराकरण करायें । ग्राम झांसी में गौ शाला और बेला में बाउंड्रीबाल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर ने बरगी बांध की नहरों की मरम्मत और साफसफाई के कार्य का अवलोकन भी किया । उन्होंने नहरों की साफसफाई के लिये प्राप्त आबंटन का अधिकतम सदुपयोग सुनिश्चित करने की हिदायत अधिकारियों को दी ।

### ड्रोन से आबादी भूमि के सर्वे कार्य का लिया जायजा

सिहोरा के ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्राम कलाँ घुघरी पहुँचकर ड्रोन से आबादी भूमि के सर्वे कार्य का जायजा लिया । उन्होंने सर्वे की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली तथा ड्रोन कैमरे की तस्वीरों से तैयार किये गये डिजिटल मेप का मूल नक्शे से मिलान कराने तथा शासकीय भूमि पर हुये अतिक्रमणों को चिन्हित करने के निर्देश मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों दिये ।

श्री शर्मा ने इसके लिये पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों के अलग.अलग दल गठित करने तथा उन्हें प्रशिक्षण देने की बात कही । ज्ञात हो कि सिहोरा तहसील में के ग्रामीण क्षेत्र में 2 जुलाई से ड्रोन से आबादी भूमि का सर्वे कार्य किया जा रहा है और हुये सात गांवों के सर्वे के साथ अभी तक 51 गांवों की आबादी वाली भूमि का सर्वे पूरा किया जा चुका है । सर्वे का कार्य राज्य शासन से अनुबंध के आधार पर सर्वे ऑफइंडिया द्वारा किया जा रहा है ।

### हाइवा रोककर की दस्तावेजों की जांच

सिहोरा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने निकले कलेक्टर ने रास्ते से निकल रहे दो हाइवा को रुकवाया और टी पी सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की । दोनों हाइवा में से एक मे मिट्टी और दूसरे में ब्लू डस्ट भरी हुई थी । कलेक्टर के सिहोरा के ग्रामीण क्षेत्र के प्रवास के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभागए तहसीलदार सिहोरा एवं जनपद पंचायत सिहोरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मौजूद थे ।

## भाजपा सिहोरा नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**सिहोरा** - सिहोरा भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परोहा ने लंबे अंतराल के बाद नगर मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है, जिसमें विनोद तिवारी, सुनील यादव, अमित गर्ग, विवेक सेलर, संदेश विश्वकर्मा, गीता पटेल उपाध्यक्ष, विनय जैन, संतोष धैकार महामंत्री, सूर्यकांत पांडे, सुग्रीव सेन, लखन वाधवानी, निशा जैन, सारिका साहू, मुन्नी दाहिया मंत्री, श्रीप्रकाश महोबिया कोषाध्यक्ष, सुभांशु तिवारी सहकोषाध्यक्ष, शुभम तिवारी कार्यालय मंत्री, अमित मसीह सह कार्यालय मंत्री, अनिकेत तिवारी मीडिया प्रभारी, अखिल गुप्ता सह मीडिया प्रभारी, शंकर यादव, रचित चौरसिया अशोक चौधरी प्रचार मंत्री बनाए गए हैं ।

## सरपंच द्वारा आयुष्मान कार्ड और राशन पात्रता पर्ची बांटा गया



**अनूपपुर।** कलेक्टर अनूपपुर सुश्री सोनिया मीणा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत देवहरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश कुमार तिवारी ,सचिव मनोज राठौर , सरपंच यदुराज पनिका मुसकू ,द्वारा ग्रामीण जनों को आयुष्मान कार्ड, राशन पात्रता पर्ची एवं टीकाकरण का प्रमाण पत्र वितरित किया गयाद्य सरपंच ने कहा कि वृक्षारोपण और तालाबों की साफ-सफाई भी हमारे द्वारा किया जाता है और साथ ही ग्रामीण जनों को जो भी समस्या रहती है उनके प्रति हम हर दम खड़े होते हैं जिससे उनको किसी प्रकार की कोई भी समस्याओं का सामना ना करना पड़े यही हमारी ग्रामीणों के प्रति विचार धाराएं रहती हैं।

## ट्यूशन फीस लिए जाने एवं छात्र वृत्ति जल्द जारी करने की मांग

**जबलपुर।** प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों द्वारा छात्रों से कोरोनाकाल में केवल ट्यूशन फीस लिए जाने एवं सत्र 2019-20 की लंबित छात्रवृत्ति जारी करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव सागर शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष अदनान अंसारी के नेतृत्व में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव सागर शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष अदनान अंसारी ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण लगभग 2 सालो से शैक्षणिक गतिविधियां ऑनलाइन चल रही हैं जिस कारण पूरे देश सहित मध्यप्रदेश में भी में गैर-शैक्षणिक गतिविधियां बंद हैं, बाबजूद प्रदेश के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों द्वारा छात्रों से छात्रसंघ शुल्क, लाइब्रेरी शुल्क, खेलकूद शुल्क, लैब शुल्क, सांस्कृतिक शुल्क, परीक्षा शुल्क, भवन शुक्ल, सोसायटी शुल्क एवं अन्य मदो में छात्रों से शुल्क वसूली की जा रही है, जिससे छात्रों के परिवार के ऊपर अत्याधिक बोझ बढ़ रहा है जिससे कई छात्र परीक्षा छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। सरकार द्वारा प्रदेश के विद्यालयों के लिए ट्यूशन फीस (शैक्षणिक शुल्क) लिए जाने का आदेश जारी किया गया है जिसे प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों पर भी लागू किया जाए एवं जिन महाविद्यालयों में शुल्क लिया गया उसे छात्रों को वापस किया जाए। ज्ञापन के दौरान छात्र नेता राहुल बघेल, देवकी पटेल, एजाज अंसारी, अभिषेक सेठी, विराज यादव, शफी खान, रियाज खान, शाहनवाज अंसारी, कुणाल खटीक, शकील कादरी आदि उपस्थित थे।



अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा ज्ञापन

## बालिका ने घर में लगाई फांसी, कारण अज्ञात

**अनूपपुर।** 15 जुलाई को अनूपपुर कोतवाली अंतर्गत 10 कि,मी,दूर स्थित ग्राम बैरहनी टोला ग्राम पंचायत ताराडाड निवासी जमीलउद्दीन उर्फ महाजन मुसलमान की 15 वर्षीय पुत्री ने गत शाम अपने घर में दुपट्टा से अज्ञात कारणों के कारण फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों द्वारा बालिका को फांसी से उतारकर कोतवाली अनूपपुर में घटना की सूचना दिए जाने पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौके का शव पंचनामा कर साक्षियों के कथन लेकर मृतिका के शव का परीक्षण जिला चिकित्सालय के चिकित्सक से कराने बाद कफन दफन हेतु परिजनों को सौंप कर घटना की जांच प्रारंभ की ! इस दौरान परिजनों ने बताया कि घर पर वृद्ध मां रही है जो अन्य कामों में व्यस्त रहें तभी अज्ञात कारणों से कारण से बालिका द्वारा घर के अंदर बढ़ेरी मे अपने ही दो दुपट्टे को जोड़कर फांसी लगा ली जिसकी जानकारी मिलने पर आनन-फानन में परिजनों द्वारा जीवित ना हो इस उद्देश्य से फांसी की का दुपट्टा काटकर नीचे रख घरवालों उसके मृत होना पाए जाने पर तुरंत कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचना दी गई रही है।

## कोयले से भरे वाहन ने एक व्यक्ति को मारी टक्कर

**बिजुरी।** बिजुरी थाना क्षेत्र के नगाराबान्ध ग्राम के पास रात्रि 8 बजे कोयला से भरा ट्रक जो कोयला लेकर मैहर जा रहा था जो एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारकर पलट गया ।टक्कर लगने से घटनास्थल पर ही व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई।थाने से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एम पी 65 जी ए 0779 जो जमुना निवासी धर्मेंद्र कुमार मांझी की बताई जा रही है जिसमें चालक संग्राम सिंह द्वारा कपिलधारा कालरी से कोयला भरकर मैहर जा रहा था रास्ते में नगाराबांध के पास बेलिया गांव का निवासी श्याम लाल पिता रामजियावन उम्र 40 वर्ष नगाराबांध से रात्रि 8बजे साइकिल से अपने घर जा रहा था तभी पीछे से आ रहे ट्रक द्वारा जोरदार टक्कर मारने से साइकिल चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं ट्रक टक्कर मारकर गड्ढे में पलट गया।बिजुरी पुलिस द्वारा मर्ग क्रमांक 30/21 अपराध क्र 171/21 कायम कर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**घटना स्थल पर ही व्यक्ति की हुई मौत**

## अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना ही विधिक सेवा का मकसद

**बरगी नगर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा आज ग्राम पंचायत हरदौली बरगी नगर स्थित सच्चा प्रयास समिति में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें माननीय न्यायधीश, सचिव श्री मनीष सिंह ठाकुर डीएलओ मोहम्मद जिलानी एडवोकेट शाहिद मोहम्मद तथा विधि के छात्रों की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरू किया गया कार्यक्रम में ग्रामीणों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया तथा यह भी बताया गया कि अब न्याय पाना बहुत ही आसान हो गया है आर्थिक रूप से कमजोर तथा परेशान लोगों को निशुल्क विधिक सहायता तथा वकील उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान शासन द्वारा किया गया है ग्रामीणों को पब्लिक यूटिलिटी के अन्य मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित कराया गया साथ ही सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र लीगल एड क्लिनिक की उपयोगिता के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**सच्चा प्रयास संस्था में हुआ आयोजन**

साक्षरता शिविर में ग्रामीणों ने जाने घर बैठे सुलभ न्याय पाने के तरीके



### अन्य कार्यक्रम भी हुए आयोजित

*इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मजदूर वर्ग को खाद्यान्न के पैकेट भी बांटे गए साथ ही संस्था परिसर में फलदार वृक्षों का पौधा रोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें अमरूद आम तथा अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया इस अवसर पर संस्था प्रमुख परवेज खान, दिनेश राजपूत, धनेंद्र काछी, पार्वती झारिया, रानू यादव सत्येंद्र झारिया परमानंद कतिया हिमांशु रनिया शशांक साहू तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।*

## गोटेगांव क्षेत्र को अति शीघ्र प्राप्त हो शववाहन: पूर्व पार्षद

**गोटेगांव।** नगर में बहुप्रतीक्षित और बहुत लंबे समय से गोटेगांव क्षेत्र में शववाहन की मांग आम नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा की जा रही है परंतु कई वर्ष बीत जाने के पश्चात भी गोटेगांव मैं सब वाहन उपलब्ध ना होना परेशानी का कारण बना हुआ है क्योंकि विगत कोरोनावायरस महामारी की दूसरी लहर के समय हमारे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों



में इस बीमारी के कारण बड़ी संख्या में विजय दिवस मृत्यु हुई एवं शासन के नियम अनुसार हमसे कम से कम लोगों का इस महामारी से किस्त की अंतिम क्रिया में जाना निर्धारित किया गया जिसके कारण देखा गया कि लोग अपने परिजन के मृत शव को कोई छोटा हाथी. ट्रैक्टर ट्राली या अपने किसी अन्य साधन द्वारा विकट परिस्थितियों में श्मशान घाट तक लेकर पहुंचे यदि हमारे क्षेत्र में शव वाहन होता तो यह स्थिति ना निर्मित होती इसी को लेकर विगत 2 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहे हरदोल वार्ड के पूर्व पार्षद गीताशरण विश्वकर्मा ने पूर्व में रहे स्थानीय नगर पालिका के मुख्य अधिकारी को ज्ञापन देकर शव वाहन बुलाने की मांग की परंतु अभी तक कोई वाहन हमारे क्षेत्र को प्राप्त नहीं हुआ तथा अब वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका गोटेगांव से पूर्व पार्षद गीताशरण विश्वकर्मा ने अति शीघ्र शव वाहन उपलब्ध कराने की अपेक्षा की है।

## विगत वर्षो का फसल बीमा न मिलने किसान मायूस

**रहली।** मौसम की मार से किसानों को बचाने के लिए प्रथान मंत्री फसल बीमा योजना का शुभारंभ किया गया था लेकिन यह योजना भी कागजों में सिमट कर रह गई हैं कागज के हाथी के अलावा कुछ भी प्रतीत नही हो रही हैं कर्ज में दबे किसान फसल में होने बाले अनुमानित नुकासान की भरपाई के लिए और कर्ज लेकर फसल बीमा करवाते है लेकिन विगत तीन बर्षो से लगातार खरीफसकी फसल खराब हो रही हैं लेकिन किसानों का उसका लाभ नही मिल रहा हैं शासन द्वारा अपील की जाती हैं योजना से अधिका से अधिक किसानों को जोडने केलिए बहुत बडी राशि विज्ञापनों में खर्च की जाती हैं लेकिन उसका लाभ किसानों केलिए नही मिल पा रहा हैं गौरतलब हैं कि विगता बर्ष 2020 में पूरे जिले सहित आधे से अधिक प्रदेश में खरीफकी फसल नष्ट हो गई थी अनेक किसानों के पूरी लागत लगाने के बाद भी सोयाबीन उडद की फसल का कटाई किए बिना ही बखरनी करवा दी थी जिसकी जानकारी शासन और प्रशासन को हैं बीमा कंपनी और प्रशासन द्वारा लिए गए नमूनों के दस प्रतिशत भी उपज नही निकाली जिन किसानों कटाई करवाई थी या हारवेसटिंग करवाई थी उनकी मजदूरी और हारवेसटिंग का भाडा भी नही निकल पाया था जिसके कारण अनेक किसानों खेत साफकरने के लिए सीधे जुताई का काम कर दिया था सोयाबीन और उडद का एक भी दाना प्राप्त नही कर पाऐ थे परासिया के किसान हरिचरण तिवारी और अजय चौबे ने बताया विगत चार बर्षो से खरीफकी फसल नष्ट हो रही हैं हर बर्ष समय पर बीमा करवते हैं लेकिन बीमा प्राप्त नही हो रहा है अन्य योजनाओं की तरह ही यह योजना भी किसानों को सहारा प्रदान करने में नाकाम हैं यदि यही स्थिति रही तो इस बर्ष खरीफफसल का बीमा नही करवाऐगें फसल बीमा के नाम पर किसानों को और सरकार को भारी भरकम राशि का भुगतान करना पढता हैं लेकिन लाभ नही मिलता प्राप्त जानकारी के अनुसार बिगत बर्ष 2020 की खरीफफसल का पूरे जिले में फसल नष्ट होना पाया गया था और कंपनी द्वारा बीमा दिया जाना सुनिश्चित किया गया हैं लेकिन समय पर किसानों को बीमा प्रदान नही किया गया ।

## पेट्रोल मूल्यवृद्धि व महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



यूथ कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जबलपुर। भाजपा शासन काल में बेतहाशा बढ़ते पेट्रोल डीजल के दाम एवं कमर तोड़ महंगाई के विरोध में उत्तर - मध्य विधानसभा के विधायक विनय सक्सेना के मार्गदर्शन में एवं यूथ कांग्रेस के नेता अंकित मिश्रा के नेतृत्व दमोह नाका चौक में हाथों में कंडे लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शासन के दबाव में प्रशासन द्वारा यूथ कांग्रेस के पैदल मार्च को तानाशाही रवैया अपनाते हुए बैरिकेड लगाकर रोका गया और आमजन की आवाज दबाने की कोशिश प्रशासन द्वारा की गई और यूथ कांग्रेस के नेता अंकित मिश्रा एवं उनके साथियों को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला नेत्री श्रीमती रचना यादव , खुशबू , पूनम , देवकी पटेल , वंदना मेहरा एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर , जगत मणि चतुर्वेदी , सोनू दुबे , उमेश यादव, , राकेश समुंद्रे,गोल्डी , हन्नू भाई जान एवं यूथ कांग्रेस से शादाब अली, रिंकू बुदलानी, पीयूष सिंह, जुम्मन सेन, सागर शुक्ला, पलाश यादव, राहुल शुक्ला, तनवीर अली, दुर्गेश पाल, चिंटू गोटिया, करण यादव, रितेश, साहिल यादव, सचिन रजक, यीशु निखरा, भानु अग्रवाल, राहुल बघेल ,रिजवान अली कोटी, तौफीक चंकी, आसिफ इकबाल, सचिन शर्मा, कृष्णा दुबे, मनीष तुलसानी, दीपक चौधरी, आकाश चौधरी, शाहरुख अंसारी, छोटू अग्रवाल, अक्कू सेन, कमलेश मालवीय, जफर खान, राहुल कुचबंदिया, मोहिन खान, रघु तिवारी संदीप जैन, सागर भारद्वाज ,भानु यादव , भानू चौहान,ममतल सालोमन,एंड्रियाज मसीह ,बादल पंजवानी ,सीटू सोनकर, रवि ठाकुर ,अन्नू पटेल ,भानू चौहान, रविंद्र गौतम, आदित्य अग्रवाल, सुमित नेपाली, अशफाक खान, साहिल खान, शाहरुख अंसारी, लकी मिश्रा, आयुष अर्पित एवं अन्य जनों ने गिरफ्तारी दी।

### संयुक्त मोर्चा ने महंगाई के विरोध में प्रदर्शन , निकाली वाहन की शव यात्रा

महंगाई व प्रतिदिन बढ़ते हुए डीजल, पेट्रोल व गैस के दाम से आज आम आदमी का सांस लेना भी दूभर हो गया है , आटा, दाल, चावल, रोटी , कपड़ा व मकान सब महंगा हो गया है जिससे आम जनता स्वयं को असहाय महसूस कर रही है । लेकिन केंद्र व प्रदेश की सरकार मूक दर्शक बनकर आम जनता की आवाज को अनसुना करके अपनी मस्ती में मस्त है । उक्ताशय के उदगार मालवीय चौक में संयुक्त मोर्चा के द्वारा महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते हुए देवेंद्र शुक्ला, दीपक पचौरी, मनीष शर्मा, सचिन गुप्ता , आर के जैन ने कही । मोटर साइकिल की शव यात्रा भी मोर्चे के प्रदर्शन में शामिल थी जिसमे प्रदर्शन कारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए । जिसमे,राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के संभाग एवं जिला अध्यक्ष सीमान्त सिंह सोलंकी ,जिला संयोजक अभिषेक यादव ,जिला उपाध्यक्ष आदित्य शुक्ला ,जिला महामंत्री अभिषेक खम्परिया ज ,पुष्पराज सिंह चौहान जी ,सेतु सिंह सोलंकी विश्व मानवता संघ,राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ,बहुजन समाज पार्टी, स्मार्ट इंडियन पार्टी, नागरिक उपभोक्ता मंच, अभिभावक उपभोक्ता संगठन, भगवा मलन संघ, श्रमजीवी पत्रकार महासंघ, उदय भारत संस्था, राष्ट्रीय किसान यूनियन, आजाद हिंद फौज उत्तर प्रदेश, भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी एवं अन्य संगठन शामिल थे।



## दीपक सिंह लोधी का निधन



**सिहोरा।** ग्राम सिमरिया आलसूर निवासी दीपक सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष का निधन हो गया। वे शिवकुमारी लोधी के पुत्र और महेंद्र सिंह लोधी के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार ग्राम सिमरिया में किया गया।

## देर रात लमकना माइनर नहर फूटी सैकड़ों एकड़ में लगे धान के रोपा डूबे

**सिहोरा।** क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों की कृषि भूमि को सिंचित करने बनाई गई लमकना माइनर गत दिवस पहरेवा के ओवरफ्लो होकर टूट गई। जिससे अनेक खेतों में लगा धान का रोपा जलमग्न हो गया। फसल बर्बाद होने की आशंका से किसानों में हड़कंप की स्थिति है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की मुख्य केनाल से एमबीसी 16500 से मझौली एवं लमकाना माइनर संचालित होती है। लमकना माइनर की नहर दर्जन ग्रामों की फसलों की सिंचाई करती है। नहर में सिल्ट सफाई नहीं किए जाने और झाड़ झंखाड़ उग आने से टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता। जिसकी शिकायत किसानों ने अनेकों बार संबंधित अधिकारियों से भी की थी गत दिवस किसान एवं किसान संगठन के लोगों ने धान का रोपा लगाने नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की, बुधवार को नहर में पानी छोड़ दीया गया गई । झाड़ झंकार के चलते नहर में पानी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया और पहरेवा के पास वघेली गेट से पूर्व ओवरफ्लो होकर नहर टूट गई। नहर टूट जाने से आसपास के खेतों में फैल गया गया।

### सफाई नहीं होने से हर साल बनती है यही स्थिति

नहर टूटने की खबर सुन भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए ग्रामीणों का कहना है कि नहर की सफाई नहीं किए जाने से हर वर्ष नहर टूटने की घटनाएं होती हैं, फिर भी विभागीय अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन के एडवोकेट रमेश पटेल का कहना है कि तहसील के सिंचित कृषि रकवे को बढ़ाने भ्रष्टाचार की बुनियाद पर बनाई गई नहरो किसानों के लिए काल साबित हो रही हैं।



फसल खराब होने की आशंका से किसान भयभीत

### किसानों का आरोप विभागीय अधिकारियों की लापरवाही

विभाग के आला अधिकारियों की लापरवाही के चलते नहरो में जमा कचरा एवं गेट जाम होने के कारण हर साल नहरो के फूटने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। कैनाल के टूटने से आसपास के खेत में पानी भर गया है तथा लगा हुआ धान का रोपा भी खराब होने की आशंका है बहुत से किसानों का लगाया गया रोपा उखड़ गया है ,

बताया जाता है कि एमबीसी 16500 से कल शाम 50 सेंटीमीटर पानी छोड़ा गया था जोकि मझौली एवं लमकाना माइनर में जा रहा था एवं नहर की क्षमता से काफी कम था गौरतलब है कि क्षमता से आधे से भी कम मात्रा में छोड़े गए पानी के दबाव से नहर ने दम तोड़ दिया यदि क्षमता के अनुरूप पानी छोड़ा जाता तो स्थिति और भी भयावह निर्मित हो सकती थी।

### इनका कहना

लमकाना माइनर के 11वे किलोमीटर के गेट में कचरा फंसे होने के कारण नहर ओवरफ्लो होकर टूट गई है सूचना मिलते ही तत्काल सुधार कार्य चालू कर लिया गया है शीघ्र ही किसानों को पानी मिलने लगेगा।

**अनिल कुमार तिवारी,**
**कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास प्राधिकरण सिहोरा**

## अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपने कार्डिएक साइंसेज पैनल का विस्तार किया

**इंदौर ।** अपोलो हॉस्पिटल्स ने हाल ही मे सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अखिलेश कुमार जैन अपोलो हॉस्पिटल्स, इंदौर के साथ जुड़ने की घोषणा की । डॉण् जैन अभी तक 5000 से अधिक कोरोनरी एंजियोग्राफी और 1500 से अधिक एंजियोप्लास्टी कर चुके हैं। इसके साथ ही वह 200 से ज्यादा बैलून माइट्रल वाल्वुलोप्लास्टी और लगभग 250 मरीजों का सफलतापूर्वक पेस मेकर इम्प्लांटेशन कर चुके हैं। डॉण् जैन ने एसएस मेडिकल कॉलेज, रीवा से एमबीबीएस किया है, जहां उन्होंने पहली रैंक हासिल कीए उसके बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेजए इंदौर से एमडी किया। इसके बाद उन्होंने कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से कार्डियोलॉजी में डॉक्टरेट ऑफमेडिसिन डीएम की डिग्री प्राप्त की। डीएम की पढ़ाई में वह गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे। डॉ जैन उन चंद लोगों में शामिल हैंए जिन्होंने 6 किलो के बच्चे में डिवाइस क्लोजर, 1 महीने के बच्चे में बैलून एओर्टिक वाल्वोप्लास्टी और 96 साल के मरीज में कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की है।



**प्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अखिलेश कुमार जैन टीम में हुए शामिल**

जाने.माने चिकित्सक, शोधकर्ता और शिक्षक डॉण् अखिलेश कुमार जैन इससे पहले देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ जैन ने कहा ष्अपोलो हॉस्पिटल्स में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट का हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। अपोलो हॉस्पिटल्स राज्य और देश में कार्डियक साइंसेज के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और इस क्षेत्र में कई नई टेक्नोलॉजी को शुरू करने का श्रेय अपोलो हॉस्पिटल को जाता है। इस टीम के हिस्से के रूप में मेरा उद्देश्य अपनी सेवाओं के जरिए कार्डियक केयर को मजबूती प्रदान करना रहेगा जिससे कि उन पेशेंट्स को राहत मिल सके जो कि अपोलो हॉस्पिटल्स पर भरोसा करते हैं। डॉण् जैन ने यह भी कहा कि लाइफस्टाइल से संबंधित बीमारी देश और प्रदेश के लोगों के लिए मुख्य चिंता है। पेशेंट अवेयरनेस और एजुकेशन के जरिए लोगों को गलत लाइफस्टाइल की वजह से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया जा सकता है। अपोलो हॉस्पिटल की टीम के रूप में वह इस ओर विशेष ध्यान रखेंगे।

डॉ अशोक बाजपेई डायरेक्टर एंड सीनियर कंसल्टेंट चेस्ट मेडिसिन अपोलो हॉस्पिटल इंदौर ने कहा अपोलो हॉस्पिटल्स में हमारा लक्ष्य विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ और सस्ती दरों में उपलब्ध कराना है। हमें अपोलो परिवार में डॉ अखिलेश कुमार जैन का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है और उनके टीम में शामिल होने से हमारे मरीज को काफी मदद मिलेगी।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# T 20 World Cup को लेकर आज हो सकता है बड़ा ऐलान




नई दिल्ली। यूएई और ओमान में होने वाले आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए जमीनी स्तर से लेकर कागजी स्तर तक तैयारियां शुरू हो गई हैं। माना जा रहा है कि आज यानी 16 जुलाई 2021 को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी की ओर से टी20 विश्व कप के आयोजन को लेकर बड़ा ऐलान होने वाला है। आइसीसी इस मेगा टी20 इवेंट के लिए ग्रुप घोषित करने वाली है, जिसमें पता लग जाएगा कि कौन सी टीम किस टीम से भिड़ेगी। ऐसे में सभी की निगाहें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैचों पर होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि शुक्रवार को टी20 वर्ल्ड कप 2021 के ग्रुप्स का ऐलान आइसीसी करने वाली है। माना जा रहा है कि आइसीसी टूर्नामेंट को दिलचस्प बनाने के लिए भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रख सकती है। ऐसे में टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच एक से ज्यादा मैच हो सकते हैं। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के फैंस भी यही चाहेंगे कि दोनों देशों के बीच की प्रतिद्वंदिता का मजा क्रिकेट मैच के जरिए लिया जाए। वैसे भी भारत और पाकिस्तान के मैचों की टीआरपी रिकॉर्ड तोड़ होती है। वहीं, अगर आइसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान और भारत को अलग-अलग ग्रुप में रखा तो फिर क्वालीफायर्स मैचों में ही दोनों टीमों की भिड़ंत संभव है। उन मैचों का सीधा-सीधा मतलब होगा कि जो टीम जीतेगी वो आगे का सफर तय करेगी, जबकि जो टीम हारेगी उसका सफर टी20 वर्ल्ड कप से समाप्त हो जाएगा। ऐसे में फैंस चाहेंगे कि भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप में ज्यादा से ज्यादा मुकाबले खेले जाएं और टी20 विश्व कप का रोमांच इस बार ज्यादा हो। ये टी20 विश्व कप यूएई और ओमान में होना है। ओमान में टी20 वर्ल्ड कप के लीग स्टेज के लिए क्वालीफायर्स मैच खेले जाएंगे, जिसमें 8 टीमें हिस्सा लेंगी और उनमें से चार टीमें टी20 वर्ल्ड कप के लीग स्टेज मैचों के लिए क्वालीफाई करेंगी। जिन टीमों के बीच क्वालीफायर्स मुकाबले होने हैं, उनमें श्रीलंका, बांग्लादेश, ओमान, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, नामीबिया, स्कॉटलैंड और पपुआ न्यू गिनी टीम का नाम शामिल है। इन आठ टीमों कोदो ग्रुप में बांटा जाएगा और जो टीमें अंकतालिका में दोनों समूहों में से टॉप 2 पर होंगी वो टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिनको 6-6 टीमों के ग्रुप में बांटा जाएगा।




## रिषभ पंत और साहा बाहर, केएल राहुल इस मैच में होंगे भारतीय टीम के विकेटकीपर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले झटका लगा है। टीम के स्टार विकेटकीपर रिषभ पंत कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। गुरुवार को यह बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की तरफ से इस बात की जानकारी दी गई है वह फिलहाल क्वारंटाइन में हैं। डरहम के साथ 20 जुलाई से खेले जाने वाले मैच से उनको बाहर रखा गया है। भारतीय टीम के दूसरे मुख्य विकेटकीपर रिद्धिमान भी क्वारंटाइन में हैं। पंत के बाद उनको आइसोलेट किए जाने की खबर सामने आई। अब टीम के दोनों ही विकेटकीपर के प्रैक्टिस मैच में नहीं होने के बाद केएल राहुल के इस मुकाबले में बतौर विकेटकीपर उतरने की बात पक्की है। कप्तान विराट कोहली उनको टी20 और वनडे में बतौर विकेटकीपर मैच में आजमा चुके हैं। ऐसे में अब प्रैक्टिस मैच में भी वह विकेट के पीछे नजर आ सकते हैं। वारविकशायर के कप्तान विलफ्रेड रोड्स भारत के खिलाफ 20 से 22 जुलाई तक होने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में 14 सदस्यीय काउंटी एकादश की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज और यंग लायंस के मौजूदा मुख्य कोच रिचर्ड डासन मेजबान टीम के कोच होंगे। मैच दर्शकों के बिना खेला जाएगा। सिलेक्ट काउंटी टीम में नाटिंघमशायर के सलामी बल्लेबाज हसीब हामिद भी हैं, जिन्होंने 2016 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। ईसीबी इस मैच के लिए एक छोटा बायो-बबल बनाएगा और सारे चयनित खिलाड़ियों की कोरोना जांच होगी। मैच डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा।

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले श्रीलंकाई टीम को लगा बड़ा झटका

कोलंबो। भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले मेजबान श्रीलंका को बड़ा झटका लगना तय माना जा रहा है, क्योंकि श्रीलंकाई टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाज कुसल परेरा का भारत के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर होना तय है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बल्लेबाज को कंधे में चोट लगी है और टीम के डॉक्टर ने कहा है कि उन्हें ठीक होने में छह से आठ सप्ताह लगेंगे। निरोशन डिकवेला को यूके में बायो-बबल तोड़ने के बाद निलंबित किए जाने के बाद परेरा विकेटकीपर बनने के लिए पहली पसंद थे। इतना ही नहीं, कुसल परेरा कम से कम वनडे सीरीज में टीम का नेतृत्व कर सकते थे, लेकिन अब दसुन शनाका को टीम की कप्तानी मिलने वाली है, जिनको टी20 सीरीज के लिए पहले ही कप्तानी सौंप दी गई थी। इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्ट्व) और श्रीलंका क्रिकेट (स्रुष्ट) ने भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की और बीसीसीआइ के एक आधिकारिक बयान में कहा था, तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे का दौरा अब 18 जुलाई, 2021 से शुरू होगा। तीन एकदिवसीय मैच अब 18, 20 और 23 जुलाई को खेले जाएंगे, जबकि तीन टी20 इंटरनेशनल मैच 25, 27 और 29 जुलाई को खेले जाएंगे। शिखर धवन की अगुवाई वाली भारतीय टीम एकदिवसीय सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी, जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। श्रीलंका के कैंप में कुछ कोरोना के केस सामने आए थे। इसके बाद सीरीज का शेड्यूल फिर से तैयार किया गया था। क्रिकइंफो की एक रिपोर्ट के अनुसार, जीटी निरोशनऔर ग्रांट फ्लावर दोनों डेल्टा संस्करण से संक्रमित हैं, जो अधिक संक्रामक है। इससे पहले, श्रीलंका की टीम के तीन खिलाड़ियों को कोरोना वायरस टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया था। श्रीलंका की टीम इंग्लैंड से लौटी थी, जहां डेल्टा संस्करण के केस लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत भी इंग्लैंड में कोरोना की चपेट में आ गए हैं।



## करीना कपूर ने माना शुरुआत में नहीं आता था प्रेग्नेंसी बाइबल

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने अपनी दोनों प्रेग्नेंसी अनुभव को शेयर करते हुए एक किताब लिखी है प्रेग्नेंसी बाइबल। किताब में करीना ने माना है कि वो शुरुआत में सबसे परफेक्ट मॉम नहीं थीं और यह तक नहीं जानती थीं कि तैमूर अली खान को ठीक से डायपर कैसे लगाया जाए।

नहीं आता था पॉटी साफ करना

प्रेग्नेंसी बाइबल के साथ एक राइटर के रूप में शुरुआत कर रही हैं। करीना ने अपनी किताब में बताया कि कैसे शुरू-शुरू में उन्हें बेबी ड्यूटी से जूझना पड़ा। करीना ने लिखा कि तैमूर और जेह को पालने का उनका नियम सरल है - अपना बेस्ट परफॉर्म करना और आराम करना। उन्होंने लिखा, मैं पहली बार सबसे परफेक्ट मॉम नहीं थी। उलझने में ही आनंद है। शुरुआत में मुझे तो ये तक नहीं पता था कि तैमूर की पॉटी कैसे साफ करनी है या उसका डायपर ठीक से कैसे पहनाया जाए। उसकी सूसू इतनी बार लीक हुई क्योंकि उसकी मां ने उसके डायपर को पूरी तरह से नहीं पहनाया किया था।

बुरा लगता था बच्चे को छोड़कर जाना


करीना ने कहा कि उन्हें यकीन था कि मां बनना उनकी %एकमात्र पहचान% नहीं होगी और वह अपनी गर्भावस्था के दौरान काम करना चाहती हैं और अपने बच्चे के जन्म के बाद जितनी जल्दी हो सके वापस लौटना चाहती हैं। हालांकि, काम पर जाने के लिए अपने बच्चे को घर पर छोड़ना उनके लिए दिल दहला देने वाला था।

मुझे याद है कि मैं तैमूर को घर पर छोड़कर 150 लोगों की यूनिट के साथ रात की शूटिंग पर जा रही थी। मैं बहुत उदास थी पर शूटिंग पर प्रोफेशनल रहने की कोशिश कर रही थी जबकि मैं बच्चे के लिए तड़प रही थी। खुद को दोषी महसूस कर रही थी और ये सामान्य है।

मैं रॉक करूंगी

करीना ने आगे कहा- लेकिन मुझ पर विश्वास करो जब मैं कहता हूं कि तैमूर आज मुझसे बहुत प्यार करता है वो इसलिए क्योंकि उसके होने के तुरंत बाद मुझे अपना जीवन वापस मिल गया, और जेह भी मुझे उतना ही प्यार करता है। आप जो करना चाहते हैं उसे कर लेना चाहिए। मेरे एक हाथ में एक बच्चा होगा और दूसरा मेरी गोद में। मैं माँ बनूंगी और काम पर वापस जाऊंगी। और रॉक करूंगा।







## \Ajay Devgn की Bhuj का खर्च 50 लाख/दिन से ज्यादा



॔ द्वड्ड4 ष्ठद्ग1द्दठ्ठ की फिल्म ''भुज' इस साल सबसे अच्छी फिल्मों में से एक है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया था, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद भी किया गया है। दर्शकों का कहना है कि फिल्म काफी जबरदस्त होगी क्योंकि इसमें ऐसे सीन दिखाए गए हैं, जो अब तक किसी भी फिल्म में देखने को नहीं मिले। अभिषेक दुधैया के निर्देशन में बनी फिल्म की लागत 130 करोड़ बताई जा रही है। इस फिल्म का ट्रेलर देखने मात्र से फिल्म के बजट को आंका जा सकता है। अजय देवगन की फिल्म की प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा कि ''भुज कई भारी-भरकम एक्शन सीन से भरपूर है, जिनकी कल्पना करना भी मुश्किल है। फिल्म के हर सीक्वेंस को बड़ी ही बारीकी से दर्शाया गया है। इन सीक्वेंस को बनाने में मेकर्स को बेहिसाब खर्च करना पड़ा।



बस यही वजह है कि फिल्म में छोटी-छोटी बातों का विशेष ध्यान दिया गया जिस वजह से पैसा भी पानी की तरह बहा और फिल्म भुज के साथ द प्राइड ऑफ इंडिया को भी जोड़ा गया। इस फिल्म में एक ऐसा भी सीन है जिसमें सेना दुश्मनों से लड़ने के लिए जल शक्ति का इस्तेमाल करती है, इसमें एक पुल को नष्ट किया जाता है। यह सीन फिल्म सिटी में ही फिल्माया गया था, जहां हजारों लीटर पानी की मदद से इस सीन को बनाया गया था। शूटिंग में जब पहला सीन हुआ तो निर्माता इससे खुश नहीं हुए इसलिए इस सीन को दोबारा से शूट किया गया था। फिल्म में युध्द के सीन को दिखाने के लिए निर्माता ने लड़ाकू जेट और बड़े टैंक का उपयोग किया था। युध्द के दौरान 600 से ज्यादा कलाकारो ने 2000 अलग-अलग लोगों की सेना को दिखाया था। खास बात तो यह है कि इस तरह से फिल्म को दिखाने के लिए फिल्म का हर दिन का बजट 50 लाख रूपये से भी ज्यादा था। एक्शन से भरपूर फिल्म भुज में अजय देवगन को पता चलता है कि लाल मिर्च वाले बारदानों में हथियार और गोला-बारूद देश में लाए जा रहे हैं। इस सीन को शूट करने के लिए 100 किलोग्राम लाल मिर्च का उपयोग किया गया था। इन लाल मिर्च को फर्श पर बिखेर दिया गया था, जिस पर अजय देवगन आतंकवादियों से लड़ रहे हैं। ऐसे में बिखरी हुई लाल मिर्च के डंठुल को संभाल पाना थोड़ा सा मुश्किल था। फिर भी अजय ने यह सब झेला और बिना किसी शिकायत के इसे निभाया।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ही आएगी सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फ़िल्म शेरशाह



नई दिल्ली। कारगिल युद्ध में शहीद हुए परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की बायोपिक फ़िल्म शेरशाह सिनेमाघरों के बजाए सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम पर इस स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज़ की जाएगी। शेरशाह के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने की चर्चा कुछ अर्से से इंडस्ट्री में चल रही थी, मगर गुरुवार को प्राइम ने इसकी आधिकारिक घोषणा करके पुष्टि कर दी है। फ़िल्म का निर्देशन विष्णुवर्द्धन ने किया है, जबकि निर्माता करण जौहर की कम्पनी धर्मा प्रोडक्शंस है। नेटफ्लिक्स के लिए एंथोलॉजी फ़िल्मों की कहानियां निर्देशित करते रहे करण का अमेज़न प्राइम वीडियो के साथ यह पहला गठबंधन है। शेरशाह नौंवी बॉलीवुड फ़िल्म है, जो सीधे प्राइम पर रिलीज़ हुई है। फ़िल्म में सिद्धार्थ के साथ कियारा आडवाणी फीमेल लीड हैं। प्राइम ने फ़िल्म के एलान के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कारिगल वॉर और कैप्टन विक्रम बत्रा की कुछ क्लिप्स दिखायी गयी हैं। वीडियो में फ़िल्म के भी कुछ दृश्य हैं। इसके साथ बताया गया है कि शेरशाह का वर्ल्ड प्रीमियर 12 अगस्त को होगा। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा ??और कियारा आडवाणी के अलावा शिव पंडित, राज अर्जुन, प्रणय पचौरी, हिमांशु अशोक मल्होत्रा, निकितिन धीर, अंकिता गोराया, अनिल चरणजीत, साहिल वैद, शाताफ फिगर और पवन चोपड़ा प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे। शेरशाह पहले इसी साल 2 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली थी, मगर कोरोना वायरस पैनडेमिक के चलते सिनेमाघर बंद हो गये और फ़िल्मों की रिलीज़ स्थगित हो गयीं। ख़ासकर, महाराष्ट्र में सिनेमाघर बंद होने का असर फ़िल्मों की रिलीज़ पर सबसे अधिक हुआ। हिंदी फ़िल्मों के बॉक्स ऑफ़िस कलेक्शंस का बड़ा हिस्सा मुंबई टेरीटरी से आता है। स्वतंत्रता दिवस पर भुज बनाम शेरशाह इस स्वतंत्रता दिवस पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अजय देवगन की भुज- द प्राइम ऑफ़ इंडिया और सिद्धार्थ की शेरशाह के बीच मुक़ाबला होगा। भुज, 13 अगस्त को डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज़ होगी।

लव-सेक्स और धोखा

# तलाक शुदा प्रेमिका, शादी की किसी और के साथ

**जबलपुर,यशभारत।** मदनमहल थाना अंतर्गत दुराचार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें पहले तो दोनों ने एक दूसरे से प्यार किया और फिर प्रेमी ने शादी का वादा कर प्रेमिका का दौहिक शोषण किया और जब जी भर गया तो उसे छोड़कर दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद पीड़ित प्रेमिका ने थाने पहुंचकर शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी को तलाश रही है। मदनमहल थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रांझी निवासी 35 वर्षिय महिला ने बताया कि वह सागर एडवर्डटाईजिंग कंपनी में कार्य करती है। कुछ समय पहले उसका पति से तलाक हो चुका है। जिसके बाद वह अकेले ही जीवन यापन कर रही है।



मदनमहल थाने का मामला, आरोपी फरार, पुलिस जांच जारी

### सहानुभूति देकर उठाया फायदा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पति से तलाक होने के बाद महिला अकेले ही जॉब कर गुजर बसर कर रही थी। लेकिन उसी बीच वहीं जॉब कर रहे अभिषेक कुछवाहा ने महिला से नजदीकियां बढ़ाई और सहानुभूति देकर उसका फायदा उठाया। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि अभिषेक उसके साथ शादी करने का वायदा कर संबंध बनाता आ रहा था और वह जब भी शादी की बात करती थी तो वह हमेशा टाल देता था। इस बात को लेकर दोनों में काफी विवाद भी हुआ। महिला ने अपनी बात मनवाने के लिए पूरा जोर लगाया लेकिन युवक हमेशा घर में बात कर लेने की बात करता आ रहा था।

### प्रेमी ने रचाई शादी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले ही उसके प्रेमी अभिषेक कुछवाहा ने शादी रचा ली है। जब उसे बता चला तो उसने बात की लेकिन अभिषेक ने उसे भगा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि आरोपी को सरगर्मी से तलाश किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

क्राईम ब्रांच एवं कटंगी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# 2 युवक, 2 कट्टे , 2 कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच एवं कटंगी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार की तस्करी में लिप्त दो युवकों को कट्टे एंव कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब एवं अवैध हथियार की तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के आदेशित किया गया है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दक्षिण/ अपराध गोपाल खाण्डेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल तथा एस.डी.ओ.पी. पाटन देवी सिह ठाकुर के मार्ग दर्शन में क्राईम ब्रांच एवं कटंगी पुलिस ने यह सफलता पाई। गत रात्रि में क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थ कि कैमोरी निवासी एक युवक पानी की टंकी के पास मेन रोड किनारे अवैध रूप से देशी कट्टा खोसे हुए खड़ा है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना कटंगी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गयी और युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसका नाम धीरज तिवारी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम जटवा थाना पाटन हाल पता ग्राम कैमोरी है जिसकी तलाशी लेने पर कमर में सामने तरफ एक देशी कट्टा खोंसे मिला तथा जेब में एक कारतूस मिला। उससे देशी कट्टा एवं कारतूस के संबंध में पूछताछ करने पर धीरज तिवारी ने बताया कि उसने लगभग 8 माह पहले अनिल गोंड़ निवासी पोनिया को एक देशी कट्टा बेचना बताया, आरोपी को हमराह लेकर ग्राम पोनिया निवासी अनिल सिंह गोंड़ उम्र 35 वर्ष की तलाश की गयी जो कटंगी बस स्टेण्ड शौचालय के सामने खड़ा मिला। अनिल सिंह गोंड़ को घेराबंदी कर पकड़ा गया उसकी तलाशी लेने पर कमर में एक देशी कट्टा तथा जेब में एक कारतूस रखे मिला जिन्हें जप्त करते हुये दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना कटंगी में पृथक पृथक धारा आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। आरोपियों को पकड़ने में थाना कटंगी उप निरीक्षक मिलन सिंह राजपूत, क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक मृदुलेश शर्मा, प्रधान आरक्षक सत्यसेन, आरक्षक अनूप सिंह, रविसागर, मानस उपाध्याय, रूस्तम अली की सराहनीय भूमिका रही।



अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त पूछताछ



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने कहा कि आरोपियों से पूछताछ में कुछ और जानकारी सामने आने की संभावना है।

महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन





# ज्ञापन सौंपने जा रही कांग्रेस नेत्रियों को पुलिस ने रोका लिया अभिरक्षा में

**जबलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध प्रदेश भर में कांग्रेसजन कर रहे है इसी कड़ी में आज पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिंया के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन कर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने पहुंची थी लेकिन इसके पहले कि वह कलेक्टर कार्यालय पहुंच पाती पुलिस ने रास्ते में ही उन्हें रोक लिया और अभिरक्षा में लेकर पुलिस परेड ग्राउण्ड पहुंचाया।

# पूजा कर रही महिला आग में 90 फीसदी झुलसी

**जबलपुर।** थाना बेलबाग अंतर्गत घर में पूजा करने जा रही एक 30 वर्षिय महिला अचानक आग की लपटों में घिरकर चीखने.चिल्लाने लगी। तो वहीं पति से जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की खोजबीन की तो उन्होंने कहा कि मैं तो बाहर टीव्ही देख रहा थाए आग कैसे लगी मुझे नहीं पता। आग से करीब 90 फीसदी झुलस चुकी महिला को तत्काल मेडिकल में भर्ती करवाया गया हैए जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस की मानें तो मामला संदिग्ध हैए अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बेलबाग पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नीलू ननहेट उम्र 30 वर्ष पति नरेन्द्र कुमार निवासी दुर्गा मंदिर के सामने प्रेम सागर थाना बेलबाग की रहने वाली है। जो कल शाम घर में ही पूजा करने घर जा रही थी। तभी अचानक आग लग गयी। वहीं पति के पुलिस को बयान दिए है कि वह तो टीव्ही देख रहा था। जैसे ही मामले की सूचना मिली मौके पर दलबल के साथ पुलिस व एफ्एसएल टीम पहुंची है। पुलिस सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक जांच में पीड़िता के पति ने यह कथन दिए है कि उसकी पत्नी पूजाघर में थी। तभी चीखने की आवाज आई। वह वहां पहुंच पाता उसके पहले ही उसकी पत्नी आग की लपटों में घिरकर चीखते हुए सीढि?ों से नीचे गिर पड़ी। जिसे उसने तत्काल मेडिकल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक उसकी हालत नाजुक बता रहे है। लेकिन प्रारंभिक जांच में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर पूजा के दीपक से महिला नब्बे प्रतिशत तक कैसे जल सकती है।

पति ने कहा- मैं टीवी देख रहा था, मामला संदिग्ध मौके पर पहुंची पुलिस टीमए जांच जारी

# मुख्यमंत्री जी आपके मंत्री नहीं हल कर पा रहे समस्याएं

पाटन विधायक पूर्व मंत्री अजय विश्नेई का ट्वीट फिर चर्चा में

**जबलपुर।** भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री अजय विश्नेई के ट्वीट आज फिर सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होने मुख्यमंत्री को कहा कि ने मुख्यमंत्री जी आपके मंत्री भी हल नहीं करा पा रहें परेशान जनता की समस्या, और यह सब कहते कह दिया आपका क्षमाप्रार्थी हूं पाटन विधायक ने मुख्य रूप से यह ट्वीट किसानों को लेकर हो रही परेशानी के चलते किया जिसमें उन्होने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश के मंत्री भी किसानों की समस्या हल नहीं कर पा रहे है। उन्होने लिखा कि सादर नमन, प्रदेश का विद्युत उपभोक्ता परेशान है। विशेष तौर पर ग्रामीण उपभोक्ता। घरेलू और कृषि दोनों ही बिजली परेशान कर रही हैं। ट्रांसफार्मर बार-बार जल रहे हैं। बदलने में देरी होती है। विद्युत मंडल ने 2 साल से नए ट्रांसफार्मर खरीदे नहीं है।पुरानो को ही सुधार-सुधार कार लगाया जा रहा है। जो ज्यादा चलते नही है। सभी गांवों में सर्विस लाइन (लीड) पुरानी और खराब हो चुकी है। अवगत हों कि वर्षों से मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग विद्युत वितरण व्यवस्था के मेंटेनेंस के लिए जितनी राशि का प्रावधान करता है आपकी सरकार विद्युत विभाग को उतनी राशि मेंटेनेंस के लिए देती नहीं है। इसलिए यह व्यवस्थाएं सुधरती नहीं है। गौरतलब है कि किसान बिजली पर्याप्त न मिल पाने के कारण परेशान है खेत सूखे हुए है लेकिन एमपीईबी अधिकारी उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगवा रहे है जिससे खिन्न होकर आज यह ट्वीट किया गया।



कुम्हारी हत्याकांड का खुलासा

# अवैध संबंध व पुरानी बुराई के चलते किया गया था कत्ल

**जबलपुर,।** पुलिस ने ग्राम मझौली थाना कुम्हारी में हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड की वजह आरोपी की पत्नि से अवैध संबंध और पुरानी रंजिश बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई में मृतक रज्जू सिंह का शव उनके घर से खून से लथपथ अवस्था में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। प्रार्थी कमलेश पिता गनेश आदिवासी निवासी ग्राम मझोली की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी कुम्हारी द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह, शिवकुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुम्हारी, आर. ए पाण्डे के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम के द्वारा प्रयास करके उक्त अंधे कत्ल का खुलासा मात्र 02 दिवस में करने में सफलता प्राप्त हुई।जिसमें आरोपी सूरत सिंह पिता रम्मू लाल उम्र 46 वर्ष निवासी मझौली को गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण के मुताबिक घटना तरिका वारदात आरोपी व मृतक ग्राम मझौली के रहने वाले है। आरोपी को संदेह था कि मृतक रज्जू सिंह का आरोपी की पत्नि से अवैध संबंध है 13 जुलाई को आरोपी पत्नि व मृतक ने आरोपी के खेत की बोरो में संभरसियल डलवाई तो फंस गई इससे भी रज्जू सिंह से काफी नाराज हो गया और इसी नाराजगी के कारण आरोपी ने उसकी सोते समय तलवार से हत्या कर दी। रात्रि में हत्या इसलिये की गई कि किसी को पता न चले।प्रकरण के अंधे कत्ल के खुलासा में महत्वपूर्ण सराहनीय भूमिका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह के मागदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आर. ए पाण्डे, सउनि. एच. एस. मिश्रा, प्रआर. 370 राधेश्याम, आर0 644 राजेश, आर0 731 रामबहादुर, आर0 502 शेख, आर0 592 दीपक, आर0 742 दीपक का विशेष योगदान रहा है।

परिवारजनों ने किया प्रदर्शन, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

# प्रताड़ना से तंग आकर पल्लेदार ने की खुदकुशी

**जबलपुर यश भारत।** पाटन नगर में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब एक 50 वर्षीय पल्लेदार द्वारा किसी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने की खबर नगर वासियों को लगी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मृतक को मंडी में किसी ने मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था युवक द्वारा यह आत्मघाती तब उठाया जब परिवार के लोग गहरी नींद में सो रहे थे। उसने अपने कमरे में जाकर फांसी का फंदा बनाया और उससे झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।

### परिजनों ने किया प्रदर्शन

इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला निवासी 50 वर्षीय सुरेश पिता चेतू चौधरी मंडी में पल्लेदारी का काम करता है जिसका किसी से विवाद हो जाने के कारण मानसिक रूप से परेशान था वह रात को अपने घर आया और फांसी लगा ली। पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष के कथन लिए जा रहे हैं । सुबह पीड़ित पक्ष काफी मात्रा में एकत्रित हुए और पाटन के कमानिया गेट पहुंचकर उन्होंने प्रदर्शन किया। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने परिवाजनों को न्याय का भरोसा दिया तब कही जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना को विवेचना में लिया गया है।



# ट्राला खड़े ट्रक में घुसा

दो घंटे स्टेरिंग में फंसा रहा चालक, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

**जबलपुर ,यशभारत।** बीती रात पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुढागर बाईपास में ढाबा के पास पहले से खड़े ट्रक के पीछे एक ट्राला जा घुसा। भिड़ंत इतनी भीषण थी की ट्राला चालक स्टेरिंग में बुरीतरह से फंस गया और करीब 2 घंटे तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करता रहा इस दुर्घटना की जानकारी लगते ही पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और 108 एंबुलेंस की मदद से जबलपुर मेडिकल अस्पताल रवाना किया। पुलिस ने दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया की बीती रात कटनी से जबलपुर की ओर एक ट्राला लोहा लेकर आ रहा था ।उसी समय वह खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा ट्राला चालक सफीक अंसारी निवासी राजीव गांधी नगर नागपुर का रहने वाला है जिसका दाहिना पैर स्टेरिंग के बीच में इस तरह फस गया कि वह घंटों तड़पता रहा ।पनागर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सोनी हमराह स्टाफ लेकर पहुंचे जहां पर उन्होंने ट्राला चालक को गंभीर हालत में फंसे हुए देखा तो तत्काल गैस कटर आदि बुलाई गई जिसके सहारे से चालक को बाहर निकाला गया पुलिस ने बताया कि पूर्व से लापरवाही पूर्वक खड़े किए गए ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर दुर्घटना को जांच में लिया गया है।




# जबलपुर से पिकनिक मनाने गया था कटाव ,नदी में डूबने से मौत

**जबलपुर ,यश भारत।** जबलपुर से अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने कटाव गए अधारताल निवासी एक 25 वर्षीय युवक की कार नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। प्रधान आरक्षक प्रदीप गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर अधारताल निवासी 25 वर्षीय शकील खान पिता जब्बार खान अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए कटाव आया हुआ था कटाव में उसके साथी नदी के किनारे बैठे हुए थे और वह नहाने के लिए गया हुआ था नहाते वक्त वह तेज बहाव में बह गया उसको बहते हुए जब साथियों ने देखा तो बचाव के लिए जोर जोर से आवाज लगाई आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे पर युवक डूब गया।इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालने के बाद प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम की रवाना करते हुए मर्ग कायम कर पड़ताल शुरू कर दी है।



# आम के पेड़ पर युवक फांसी पर झूला

**जबलपुर यश भारत।** मझौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोनिया ग्राम निवासी एक 18 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है । पुलिस नेबताया कि पोनिया ग्राम निवासी 18 वर्षीय आनंद पिता स्वर्गीय जनक सिंह काफी दिनों से परेशान चल रहा था वह घर से कुछ दूर पहुंचा और उसने आम के पेड़ में फांसी का फंदा बनाया और उससे झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीडि़त पक्ष से इस घटना के संबंध में कथन लेने के बाद पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए विवेचना में लिया है।



### आज शाम कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**जबलपुर, यश भारत।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष , सांसद विष्णुदत्त शर्मा आज शाम 5 बजे भाजपा के संभागीय कार्यालय रानीताल में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।



स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (म.प्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा बोल्ड चना केला चिप्स बोल्ड पीनट मसाला चना ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल,
अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
• शत् प्रतिशत रिज़ल्ट • कोर्स पूरा होते ही जॉब
• अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
• उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
• कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल • बस सुविधा
• हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )